(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)




हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।


मंगलवार, 05 अप्रैल 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 106 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त




## नायब नाजिर की पीट-पीटकर हत्या, योगी के निर्देश पर एसडीएम निलंबित


लखनऊ। प्रतापगढ़ में नायब नाजिर की पिटाई से मौत के मामले में सीएम योगी ने गंभीरता दिखाते हुए वहां के एसडीएम को निलंबित करने का आदेश दिया है। नायब नाजिर की मौत को लेकर पूरे यूपी में आंदोलन शुरू हो गया है। वाराणसी समेत तमाम जिलों में तहसीलकर्मियों ने कामकाज ठप कर दिया है। कर्मचारी एसडीएम की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने दर्ज रिपोर्ट के हवाले से बताया कि लालगंज तहसील के उपजिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह पर आरोप है कि उन्होंने तहसील कार्यालय में नायब नाजिर के पद पर तैनात सुनील कुमार शर्मा (57) को 30 मार्च को अपने तीन साथियों के साथ उसके घर में



घुसकर पीटा और घर से बाहर घसीटकर भी मारा गया। अंतिल के अनुसार, गम्भीर रूप से घायल शर्मा को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया जहां उपचार के दौरान दो–तीन अप्रैल की दरम्यानी रात को उसकी मौत हो गयी।उन्होंने बताया कि पुलिस ने मृतक के बेटे सुधीर शर्मा की तहरीर के आधार पर उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह तथा तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। इधर, सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय से हुए एक ट्वीट में बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतापगढ़ की तहसील लालगंज में पदस्थ सुनील कुमार शर्मा की मृत्यु के संबंध में उप जिलाधिकारी, लालगंज के पद पर तैनात ज्ञानेंद्र विक्रम के विरूद्ध प्राप्त शिकायत का संज्ञान लेते हुए उन्हें निलंबित करने का निर्देश दिया है।

## अतीक अहमद के भाई ने 150 बीघा जमीन पर की अवैध प्लॉटिंग, सरपट दौड़ा PDA का बुलडोजर

प्रयागराज। बाहुबलियों में उत्तर प्रदेश सरकार का बुलडोजर एक बार फिर से कहर बनकर चल रहा है। माफिया अतीक अहमद और उसके भाई पूर्व विधायक खलीज अजीम उर्फ अशरफ और उसके करीबी की प्लॉटिंग पर यूपी सरकार का बुलडोजर चला है। अशरफ के पार्टनर अतुल द्विवेदी की 150 बीघा से ज्यादा की अवैध प्लॉटिंग पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण यानी पीडीए का बुलडोजर चला है। कहा जा रहा है कि प्राधिकरण से लेआउट पास कराए बिना ही ये प्लॉटिंग की जा रही थी। प्रयागराज कौशांबी बॉर्डर पर



रावतपुर गांव में ये कार्रवाई हुई है। बिना इजाजत के अवैध कब्जा किया गया था। 150 बीघे से ज्यादा की जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप माफिया अतीक अहमद के गुर्गे पर लगा है। जिससे ये साफ है कि न केवल माफियाओं पर नकेल कसी जा रही है बल्कि माफियाओं के गुर्गे और सहयोगी हैं उसकी अवैध संपत्ति पर भी शासन–प्रशासन की नजर बनी हुई है। उसे ध्वस्त करने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। पीजीए के ज्वाइंट सेक्रेटरी और जोनल अधिकारी अजय कुमार के अनुसार पीडीए की ओर से भेजे गए नोटिस का जवाब ना देने और लेआउठ पास न कराने की वजह से कार्रवाई की गई है। पूरी प्लॉटिंग को बुलडोजर चलाकर सपाट कर दिया गया है। बता दें कि माफिया अतीक के भाई पूर्व विधायक खालिद अजीम उर्फ अशरफ बरेली जेल में बंद है। उसका पार्टनर अतुल द्विवेदी बीएसपी के टिकट पर 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ा था।

## कर्मचारी की हत्या के विरोध में कलेक्ट्रेट कर्मियों ने कार्य बहिष्कार कर सौंपा ज्ञापन

बस्ती। प्रतापगढ़ जनपद के लालगंज तहसील के उप जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह यादव द्वारा लाठी डण्डो से पीटकर तहसील के वरिष्ठ लिपिक (नायब नाजिर) सुनील शर्मा की निर्मम हत्या मामले को लेकर कर्मचारियों में रोष है। सोमवार को उत्तर प्रदेश मिनीस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ अध्यक्ष एवं प्रान्तीय संयुक्त मंत्री अशोक कुमार मिश्र के नेतृत्व में कर्मचारियों और पदाधिकारियों ने कार्य बहिष्कार कर कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर शोक सभा के बाद जिलाधिकारी के प्रतिनिधि सीआरओ नीता यादव के माध्यम से मुख्यमंत्री को 4 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि हत्यारोपी प्रतापगढ जनपद के लालगंज तहसील के उप जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह यादव को तत्काल गिरफ्तार कर बर्खास्त किया जाय, मृतक सुनील कुमार शर्मा के आश्रितों को एक करोड रूपये का मुआवजा देने के साथ ही उनके आश्रित को नौकरी दी जाय। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि एक सप्ताह के भीतर मांगे पूरी न हुई तो आन्दोलन की घोषणा की जायेगी। कार्य बहिष्कार और ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी संचित मोहन तिवारी, प्रशासनिक अधिकारी राम कुमार पाल, राधेश्याम, सहायक भू–लेख अधिकारी राघवेन्द्र पाण्डेय, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम अधार पाल, मुकेश सोनकर, रामचन्द्र, जीवेन्द्र तिवारी, राजेश रंजन, जितेन्द्र श्रीवास्तव, आशीष कुमार, सुमित श्रीवास्तव, राजेश सिंह, फैजान अहमद के साथ ही अनेक कर्मचारी, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी शामिल रहे।

## हिमाचल–कर्नाटक के चुनावों को लेकर रणनीति बनाने में जुटी बीजेपी, अमित शाह और नड्डा ने संभाली कमान


नई दिल्ली। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद अब भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर रणनीति बनाने में जुट गया है। हिमाचल प्रदेश में इस साल के आखिर में चुनाव होना है, जबकि कर्नाटक में अगले साल चुनाव होगा। हिमाचल की रणनीति तैयार करने में जुटी बीजेपीः हिमाचल प्रदेश में बीते एक लोक सभा और तीन विधानसभा के उपचुनाव में बीजेपी को हार का मुंह देखना पड़ा था। यहां कांग्रेस की तरफ से उसे कड़ी चुनौती मिलती दिखाई दे रही है। क्योंकि यह पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा का राज्य है, ऐसे में सारे फैसले नड्डा ही लेंगे। जेपी नड्डा ने प्रदेश अध्यक्ष और संगठन मंत्री के साथ दिल्ली में




बैठक भी की है। इसमें उपचुनाव में पार्टी को मिली हार से लेकर अब तक बनी स्थितियों की व्यापक समीक्षा की गई। हिमाचल प्रदेश में इस साल के आखिर में चुनाव होने हैं। हिमाचल प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन शायद ही किया जाए, लेकिन संगठन के स्तर पर कुछ तब्दीलियां की जा सकती हैं। फिलहाल पार्टी नेतृत्व बदलाव करने से ज्यादा रणनीति बनाने की तरफ ध्यान दे रहा है। हिमाचल के साथ–साथ बीजेपी कर्नाटक पर भी ध्यान दे रही है। दरअसल कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन के बाद भी सत्ता और संगठन में तालमेल नहीं बन पा रहा है। इसीलिए अमित शाह ने खुद कर्नाटक जाकर भाजपा की कोर कमेटी की बैठक कर स्थिति की समीक्षा की है। कर्नाटक में जल्द किया जाएगा मंत्रिमंडल विस्तारः सूत्रों के मुताबिक, कर्नाटक में जल्द ही मंत्रिमंडल विस्तार किया जाएगा, इस मंत्रिमंडल विस्तार में सामाजिक संतुलन को भी ध्यान में रखा जाएगा। प्रदेश संगठन में भी कुछ तब्दीलियां की जाएंगी। दरअसल बसवराज बोम्मई के मुख्यमंत्री का पदभार संभालने के बाद सत्ता और संगठन में तालमेल में कमी आई है। 2019 में यदुरप्पा के मुख्यमंत्री बनने के बाद नलिन कतिल ने अध्यक्ष पद की कमान संभाली थी। अब संभावना जताई जा रही है कि अध्यक्ष के पद पर बदलाव हो सकता है। भाजपा नहीं देना चाहती कांग्रेस को मौकाः भाजपा और कांग्रेस में कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में लगभग सीधी लड़ाई है। हालांकि कर्नाटक में जनता दल (एस) भी प्रभाव रखती है। ऐसे में भाजपा इन दोनों राज्यों को लेकर सावधानी बरत रही है। क्योंकि अगर भाजपा और कांग्रेस की सीधी लड़ाई में कांग्रेस कहीं भी भाजपा पर हावी होती हुई दिखाई देती है तो, 2024 में भाजपा के कांग्रेस मुक्त भारत में चुनाव कराने की योजना पर प्रभाव पड़ेगा। इसलिए भाजपा चाहती कि इन राज्यों में कांग्रेस को किसी भी तरह का मौका मिले जिससे वह भाजपा पर हावी होती नजर आए।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर इजाफा, 2 हफ्ते में 8.40 रुपये बढ़े भाव

नयी दिल्ली।पेट्रोल और डीजल की कीमतों में सोमवार



को एक बार फिर 40 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। दो सप्ताह से भी कम समय में कुल 8.40 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों की तरफ से जारी मूल्य संबंधी अधिसूचना के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 103.41 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर अब 103.81 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 94.67 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 95.07 रुपये प्रति लीटर हो गई है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में देश भर में वृद्धि की गई है, लेकिन इनके दाम स्थानीय कर के आधार पर अलग–अलग राज्यों में भिन्न हैं। पेट्रोल तथा डीजल की कीमतें करीब साढ़े चार महीने तक स्थिर रहने के बाद 22 मार्च को बढ़ाई गई थीं। तब से नौवीं बार कीमतों में वृद्धि की गई है। पेट्रोल और डीजल की कीमत में अब तक कुल 8.40 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है।

## लखीमपुर खीरी मामलाः कमेटी ने एससी को सौंपी रिपोर्ट, किया ये बड़ा दावा, जमानत पर फैसला सुरक्षित रखा गया

लखीमपुर खीरी मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त कमेटी ने स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर दी है। इसने कहा कि मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने उत्तर प्रदेश सरकार को दो बार मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा को दी गई जमानत को रद्द करने की सिफारिश की थी। लखीमपुर खीरी मामले में आशीष मिश्रा की जमानत रद्द करने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने अब फैसला सुरक्षित रख लिया है।



**सुप्रीम कोर्ट नियुक्त पैनलः हिंसा की जगह पर थे आशीष मिश्रा**

इसकी रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सबूत इस बात की पुष्टि करते हैं कि केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा उस जगह पर थे, जिसमें आठ लोग मारे गए थे। उसे घटना के दिन यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मार्ग में बदलाव के बारे में भी जानकारी थी। आशीष मिश्रा पर उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में मौर्य के दौरे के विरोध में प्रदर्शन कर रहे किसानों को कुचलने का आरोप लगाया गया था। किसान तीन कृषि कानूनों का विरोध कर रहे थे, जिन्हें बाद में केंद्र ने निरस्त कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने 30 मार्च को लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत रद्द नहीं करने को लेकर विशेष जांच दल की सिफारिश पर उत्तर प्रदेश प्रशासन से सवाल किया था।

**आशीष मिश्रा हिस्ट्रीशीटर नहीं: वकील**

आशीष मिश्रा की ओर से पेश महेश जेठमलानी ने कहा कि इस स्तर पर हम यह नहीं कह सकते कि क्या कोई इरादा था। एसआईटी ने अपनी सिफारिश में हमें इस आधार पर विशेष अनुमति याचिका दायर करने को कहा कि गवाहों से छेड़छाड़ का खतरा था, कृपया हमारा हलफनामा देखें।जमानत दंडात्मक नहीं है।

याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा– गवाह को धमकाया गया, पीटा गयाः याचिकाकर्ताओं के वकील दुष्यंत दवे ने तर्क दिया कि जेठमलानी इस तथ्य की अनदेखी कर रहे हैं कि एक प्रमुख चश्मदीद को आरोपी के समर्थकों ने पकड़ा और पीटा। उसने विशेष रूप से उन लोगों के नाम पर प्राथमिकी दर्ज की उसे धमकी दी थी।

## समर्थन मूल्य 2,015 रूपये प्रति कुन्तल की दर से गेहूँ खरीद शुरू

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रबी विपणन वर्ष 2022–23 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत किसानों से सीधे गेहूँ की खरीद शुरू कर दी गयी है। इस वर्ष गेहूँ के समर्थन मूल्य में 40 रूपये की बढ़ोत्तरी करते हुए 2,015 रूपये प्रति कुन्तल की दर से खरीद की जा रही है। गत वर्ष 1975 रूपये प्रति कुन्तल की दर से खरीद की गयी थी। गेहूँ की बिक्री हेतु किसानों को खाद्य तथा रसद विभाग की वेबसाइट बिण्नचण्हवअण्पद पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार बिक्री के समय केन्द्रों पर किसान के स्वयं उपस्थित न होने पर पंजीकरण प्रपत्र में परिवार के नामित सदस्य का विवरण एवं आधार नम्बर फीड कराना अनिवार्य है। खरीफ विपणन वर्ष 2021–22 में धान खरीद हेतु पंजीकरण करा चुके किसानों को गेहूँ विक्रय हेतु पुनः पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं हैं, किन्तु पंजीकरण को संशोधन कर पुनः लॉक कराना होगा।

## राज्य सरकारों की फ्री...फ्री...फ्री...के लॉलीपॉप से आ सकता है श्रीलंका जैसा आर्थिक संकट, अधिकारियों ने पीएम मोदी को दी जानकारी

कर्म को ही पूजा मानने वाले देश में वोटों की राजनीति की वजह से चुनावी वादों के रूप में फ्री में खाने की सामग्री से लेकर अन्य वस्तुएं वितरित करने की जो रवायत चल पड़ी है। ये इस बात का साफ संकेत है कि इस देश का लोकतंत्र मुफ्त के मकड़जाल में फंस चुका है। जिसका खामियाजा आने वाले वक्त में देश को चुकाना पड़ सकता है। पड़ोसी देश श्रीलंका की बदहाली और दिवालिया होने के कगार पर पहुंचने की खबरों से तो सभी परिचित हैं, लेकिन अगर भारत में भी कुछ चीजों को नियंत्रित नहीं किया गया तो देश के हालात श्रीलंका जैसे हो सकते हैं। जिसको लेकर अधिकारियों ने प्रधानमंत्री मोदी को अपडेट किया है।

कई शीर्ष नौकरशाहों ने विधानसभा चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा घोषित लोकलुभावन योजनाओं और मुफ्त उपहारों को लेकर अपनी चिंता जाहिर की है। कुछ राज्य में इस प्रवृत्ति पर नियंत्रण नहीं किया गया तो ऐसे में वे नकदी–खाद्य संकट जैसी स्थिति में श्रीलंका और ग्रीस के रास्ते पर भी जा सकते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के साथ



लगभग चार घंटे की बैठक के दौरान कुछ सचिवों ने कहा कि कई राज्यों में घोषणाएं और योजनाएं आर्थिक रूप से अस्थिर हैं और उन्हें राजनीतिक जरूरतों के साथ संतुलित निर्णय लेने के लिए राजी करने की आवश्यकता है। सूत्रों ने टीओआई को बताया कि केंद्र में आने से पहले राज्यों में महत्वपूर्ण पदों पर रहने वाले सचिवों ने आगाह किया था कि कई राज्यों की वित्तीय स्थिति अनिश्चित थी और अगर वे संघ का हिस्सा नहीं होते तो उनका पतन हो गया होता।

पीएम मोदा ने 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर सभी विभागों के सचिवों के साथ करीब चार घंटे की लंबी बैठक की है। इस बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा और कैबिनेट सचिव राजीव गौबा के अलावा कई अन्य शीर्ष अधिकारी भी शामिल हुए थे। अधिकारियों ने कहा कि पंजाब, दिल्ली, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसी राज्य सरकारों द्वारा की गई घोषणाएं टिकाऊ नहीं हैं और कुछ समाधान खोजने की जरूरत है। कई राजनीतिक दल मुफ्त बिजली की पेशकश कर रहे हैं, जिससे राज्य के खजाने पर बोझ पड़ रहा है, क्योंकि इस तरह के अनुदान का प्रावधान बजट में किया जाना चाहिए। यह स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक क्षेत्रों के लिए अधिक धन आवंटित करने की उनकी क्षमता को भी सीमित करता है। यहां तक घ्घकि बीजेपी ने हाल के चुनावों के दौरान यूपी और गोवा में मतदाताओं के लिए मुफ्त एलपीजी कनेक्शन और अन्य रियायतों का वादा किया था।

अधिकारियों ने कहा कि राजनीतिक संगठनों के बीच हर चुनाव से पहले मुफ्त उपहार देने की होड़ का यह चलन लंबे समय में राज्य और केंद्र सरकार के वित्त पर गंभीर असर डालेगा। अधिकारियों ने कहा कि पीएम ने सचिवों से गरीबी उन्मूलन के लिए हर संभव कदम उठाने और शासन पर विचारों के साथ आने का आग्रह किया, क्योंकि उन्हें राज्य सरकारों और केंद्र में भी व्यापक अनुभव है।




# अभूतपूर्व रूप से मनाया गया चेटीचंड महोत्सव

गोंडा । दो वर्ष से करोना काल के कारण स्थगित किए गए सिंधियों के ईस्ट देव वरुण अवतार प्रभु झूलेलाल जयंती (चेटीचंड) महोत्सव इस साल मौका मिलने पर सिंधी समाज ने पूरे जोर–शोर से मनाया। चेटीचंड महोत्सव में सबसे पहले पूज्य झूलेलाल धर्मशाला से शहर के मुख्य मार्गों पर होते हुए पूज्य झूलेलाल चौराहा तक एक भव्य बाइक रैली निकाली गई। रैली पर आगे आगे एक वाहन पर प्रभु झूलेलाल के भजन चल रहे थे। पीछे पीछे सिंधी समाज के लोग जगह–जगह पर रुक रुक कर नृत्य कर रहे थे। पूज्य झूलेलाल चौराहे पर वाहन रैली के पहुंचने के उपरांत विशाल लंगर वितरण का कार्यक्रम शुरु हो गया। जो देर शाम तक चलता रहा। शाम 6रू00 बजे झूलेलाल मंदिर गुरुनानक मार्केट पर प्रभु झूलेलाल की आरती की गई। शाम 6रू30 पर पूज्य झूलेलाल धर्मशाला स्थित झूलेलाल मंदिर पर आरती की गई। शाम 7रू00 बजे से सखी बाबा आसुदाराम आश्रम में सिंधी समाज के बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हो गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज सिंह ने सिकरत की। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मुख्य अतिथि को सिंधी समाज के मुखिया जयरामदास लधवानी, मुखिया राजकुमार ठक्कुर, मेला कमेटी के उपाध्यक्ष मुकेश धनकानी, सिंधी समाज के मीडिया प्रभारी किशन राजपाल ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। तत्पश्चात मेला कमेटी के अध्यक्ष कैलाश चंद्र लधवानी व पूज्य झूलेलाल धर्मार्थ समिति के पूर्व अध्यक्ष जगदीश रायतानी ने मुख्य अतिथि को मोमेंटो भेंट किया। मालवीय नगर के सभासद पवन श्रीवास्तव का रवि अम्लानी ने अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम के दौरान सिंधी समाज के लोगों को साइबर क्राइम और सोशल मीडिया के दुष्परिणामों से बचने के तरीके बताए। कार्यक्रम में बच्चों के नृत्य एवं भजनों में भक्तों का मन मोह लिया। श्रद्धालु भावविभोर होकर नृत्य करने लगे। कार्यक्रम का संचालन भारतीय सिंधु सभा के विभाग अध्यक्ष अनिल जिज्ञासु ने कुशलतापूर्वक किया। कार्यक्रम के अंत में सब ने एक साथ बैठकर प्रसाद स्वरूप लंगर का आनंद लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूज्य झूलेलाल धर्मार्थ समिति के सचिव राजेश रायचंदानी, समाजवादी सिंधी सभा के जिला अध्यक्ष दिनेश ठक्कूर,विश्व हिंदू महासभा के प्रवक्ता केशव ठक्कुर,फत्ती चंद राजपाल,पिंटू वलेचा,नीरज मंजर, गोपी अम्लानी,अनिल ठक्कूर, अनिल कालानी,दीपक वरयानी, सतीश ठक्कुर, पूरन खत्री, शीतल दास लधानी,अनूप जसवानी, निखिल वाधवानी, प्रकाश आहूजा आदि मौजूद रहे।

# सामूहिक दुष्कर्म के 25000 के ईनामिया अभियुक्त ने थाना कोतवाली नगर में आकर किया आत्मसमर्पण

## गोण्डा पुलिस की बुल्डोजर चेतावनी व ताबड़–तोड़ पुलिस कार्यवाही का भय

गोंडा । बीते 30मार्च 2022 को थाना कोतवालीनगर क्षेत्र के अन्तर्गत नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना प्रकाश में आयी थी। जिसमें पीड़िता की मां की तहरीर पर दिनांक 30.03.2022 को थाना को0नगर पर मु0अ0सं0– 195/22, धारा 376डी0ए भादवि0, 3(2)5 एस0सी0एस0टी0 एक्ट व पॉक्सो एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक गोण्डा संतोष कुमार मिश्रा द्वारा घटना को संज्ञान में लेकर अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा शिवराज व क्षेत्राधिकारी सदर लक्ष्मीकान्त गौतम को आवश्क दिशा निर्देश देते हुए तत्काल 3 टीमें गठित कर एसओजी को भी शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु लगाया गया था। उक्त निर्देश के क्रम में थाना कोतवालीनगर व एसओजी की संयुक्त टीम ने घटना के मुख्य अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ में दिनांक 31.03.2022 को गिरफ्तार कर लिया गया था तथा घटना में शेष आरोपियो की गिरफ्तारी से बचाने व संरक्षण देने वालो को सख्त चेतावनी देने हेतु दिनांक 02.04.2022 को कोतवालीनगर पुलिस बुल्डोजर के साथ पहुंची थी। जिससे अपराधियों में पुलिस की इस कार्यवाही से खलबली मच गई थी। दिनांक 02.04.2022 की रात्रि में पुरस्कार घोषित अपराधी रिजवान की तलाश में थाना कोतवालीनगर व एसओजी टीम चौपाल सागर के पास पहुँची थी कि अभियुक्त रिजवान द्वारा हताशा में पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया था। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ गोली चलाई गयी थी जिसमें अभियुक्त के पैर में गोली लगी और उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया था। गोण्डा पुलिस की बुल्डोजर चेतावनी व ताबड़–तोड़ कार्यवाही के भय से घटना में अन्य वांछित 25000 के पुरस्कार घोषित अपराधी इसराइल पुत्र युसुफ निवासी बुधईपुरवा थाना को0नगर जनपद गोण्डा, अपने परिवारजन के साथ थाना कोतवालीनगर में हाथ में तख्ती लेकर आया जिस पर ''साहब मैं आत्मसमर्पण कर रहा हूँ, मुझे गोली मत मारो'' लिखा था ने आकर आत्मसमर्पण किया। अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मै थाना को0नगर क्षेत्र के अंतर्गत नाबालिग लड़की के साथ हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना में शामिल था तथा पुलिस अधीक्षक गोण्डा की अपराधियों के विरुद्ध बुल्डोजर चेतावनी व ताबड़तोड़ कार्यवाही के डर व भय से खुद को थाने मे आकर आत्मसमर्पण कर रहा हूँ। कोतवालीनगर पुलिस द्वारा नियमानुसार अभियुक्त को गिरफ्तार कर अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की गयी।'गिरफ्तार कर्ता टीम `मे' प्रभारी निरीक्षक कोतवालीनगर पंकज कुमार सिंह मय टीम शामिल रहे।

## सर्पदंश से युवक की मौत

कानपुर देहात। शिवली कोतवाली क्षेत्र के नहरी बरी गांव के एक युवक की सर्पदंश से हालत बिगड़ गई। परिजन उसको अस्पताल लाने के बजाय झाड़ फूंक के चक्कर में पड़े रहे। इससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। नहरी बरी गांव निवासी हरीश नाथ उर्फ हरिया (45). गेहूं की कटाई करने खेतों पर गया था। वहां अंधेरे में सर्पदंश से उसकी हालत बिगड़ गई। जानकारी होने पर परिजन उसको तत्काल अस्पताल लाने के बजाय झाड़ फूंक के चक्कर में पड़ गए। इससे उसकी मौत हो गई। शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। उसके पिता चिंटूनाथ ने पुलिस को घटना की सूचना दी। इसके बाद गांव पहुंचे एसआई अमरेंद्र प्रताप सिंह ने प्राथमिक छानबीन के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा।

## 2314 सैंपलों कोई भी कोरोना पशजिटिव केस नहीं

कानपुर। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के कोविड लैब की जारी रिपोर्ट में कोरोना केस जीरो दर्ज किए गए हैं। 7 दिन के बाद दो कोरोना के नए केस रिपोर्ट हुए थे। एक दिन के बाद फिर से राहत मिली है। मेडिकल कॉलेज की कोविड लैब ने 2314 सैंपलों की जांच रिपोर्ट जारी की है। सीएमओ डॉ.नेपाल सिंह ने रिस्पांस टीम को संचारी अभियान के साथ ही सैम्पलिंग करने के निर्देश दिए हैं ताकि कोरोना के नए केसों को और चिह्नित किया जा सके। सीएमओ ने बताया कि अभी तक उर्सला में सैम्पलिंग हो रही थी लेकिन अब सीएचसी को भी सैम्पलिंग के लिए कह दिया गया है।

## छेड़खानी की शिकार पीड़ित महिला व महिला कांस्टेबल ने चप्पलों से शोहदे को पीटा

कानपुर। सचेंडी में शोहदे की हरकत से परेशान महिला ने थाने में शिकायत की। एंटी रोमियो स्क्वॉयड ने शोहदे को चंद घंटे में ही दबोच लिया। इसके बाद थानेदार ने छेड़खानी की शिकार महिला से ही चप्पलों से शोहदे को पिटवाया और माफी मंगवाई। इसके बाद उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की। इतना ही नहीं,महिला कांस्टेबल ने भी उसकी जमकर धुनाई की, ताकि इलाके में फिर कोई शोहदा महिलाओं के साथ छेड़खानी की हिम्मत नहीं जुटा सके। थानेदार बोले...मोदी–योगी राज में शोहदे की यही सजाः सचेंडी में रहने वाली एक महिला के साथ युवक कई दिनों से छेड़खानी कर रहा था। हद तो तब हो गई जब आते–जाते पीछा भी करने लगा। छेड़खानी से परेशान होकर महिला ने शोहदे के खिलाफ सचेंडी थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराई। महिला की शिकायत पर थाने की एंटी रोमियो स्क्वॉयड ने शोहदे को दबोच लिया और थाने ले आई। इसके बाद पीड़िता को भी पहचान के लिए थाने बुलवाया गया। इसके बाद थाना प्रभारी विनोद सिंह ने पीड़ित महिला से ही शोहदे की पिटाई करवाई। इतना ही नहीं महिला कांस्टेबल ने भी आरोपी शोहदे को जमकर धुना। मामले में पूछताछ करने पर थानेदार ने कहा कि योगी राज में अगर कोई छेड़खानी करेगा, तो उसे इसी तरह सजा मिलेगी। शोहदों पर लगाम लगाने के लिए इस तरह सजा देना बेहद जरूरी है। उन्होंने इस तरह शोहदे की पिटाई करवाकर कोई गलत काम नहीं किया है।

## 'ट्रैक्टर से कुचल कर बालक की मौत,दूसरी घटना में बाइक सवार की मौत'

फिरोजाबाद ।जनपद में अलग अलग दो स्थानों हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गयी.पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी भेजा है. मृतको में एक 14 साल का बालक जबकि दूसरा एक मजदूर है जो बाइक से घर लौट रहा था पहली घटना रामगढ थाना क्षेत्र के हस्मत नगर में हुयी जहां ईंटों से लदे एक ट्रैक्टर ट्राली ने खेल रहे एक बालक को टक्कर मार दी जिससे बालक अल्केस पुत्र नसरुद्दीन निवासी हस्मत नगर की मौके पर ही मौत हो गयी.घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया. दूसरी घटना नारखी थाना क्षेत्र में ब्रहमदेव पुलिस चौकी के पास हुयी जहाँ किसी अज्ञात वाहन ने एक बाइक को टक्कर मार दी जिसमें राम शंकर पुत्र जयवीर निवासी नया बांस थाना खैरगढ़ की मौत हो गयी.पुलिस दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश कर रही है

## अवैध वसूली के आरोप में फिरोजाबाद के तीन सिपाही सस्पेंड

फिरोजाबाद। अवैध वसूली के आरोप में फंसे तीन पुलिस के जवानों को सस्पेंड कर दिया गया है.यह सभी पुलिसकर्मी थाना रसूलपुर में तैनात है.आरोप है कि सिपाही हरवीर,नकुल कुमार और लोकेश ने एक व्यक्ति को अवैध रूप से हिरासत में लिया उससे मारपीट की और फिर उसे पैसे लेकर छोड़ दिया.एसएसपी के मीडिया सेल के मुताबिक इन सिपाहियों पर अवैध वसूली के आरोप लगे थे.इनकी जब जांच करायी गयी तो प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए गए जिसके बाद इन तीनों पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

# खोड़ारे पुलिस ने मिशन शक्ति का शुभारंभ रैली निकाल कर किया

## रैली में महिला पुलिस सहित ग्लोरियस पब्लिक स्कूल की छात्राएं शामिल रहीं

गोंडा। समाज में महिलाओं के प्रति बढ़ रहे अपराधों की रोकथाम को लेकर शासन के निर्देश पर मिशन शक्ति अभियान का शुभारंभ हुआ। अभियान का उद्देश्य महिलाओं, छात्राओं को जागरूक करना तथा आत्मरक्षा के गुण सिखाना है।थाना खोडारे प्रभारी निरीक्षक महेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में गौराचौकी में फ्लैग मार्च के साथ जागरूकता रैली निकाली, जिसमें महिला पुलिस कर्मियों के साथ स्वयं प्रभारी निरीक्षक के द्वारा रैली के माध्यम से महिलाओं तथा छात्राओं को जागरूक करते हुए उन्हें विषम परिस्थितियों में अपने बचाव तथा सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। महिलाओं तथा बालिकाओं के साथ बढ़ रहे छेड़छाड़ तथा अपराधियों पर लगाम लगाने तथा अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान की शुरुआत कराई गई। इस अभियान के तहत क्षेत्र की महिलाओं तथा स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं को महिला पुलिस कर्मियों के द्वारा विषम परिस्थितियों में अपने सम्मान की सुरक्षा तथा आत्मरक्षा के गुण की जानकारी दी गई। साथ ही जरूरत पड़ने पर शासन के निर्देश पर प्रशासन के द्वारा दिए जाने वाले सहायता के बारे में जानकारी दी जा रही है। इस अभियान के दौरान क्षेत्र के सभी महिलाओं तथा छात्राओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन नंबर 181,चाइल्डलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन1076, एंबुलेंस सेवा 108,102 आदि के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।मिशन शक्ति अभियान जागरूकता रैली ग्लोरियस पब्लिक स्कूल बभनजोत के छात्राओं के साथ स्कूल प्रांगण से गौराचौकी बाजार तक निकाला गया। प्रभारी निरीक्षक अपने क्षेत्र की महिलाओं तथा बालिकाओं को सुरक्षाओं का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या एकता गुप्ता,चौकी प्रभारी अरुण कुमार राय,हेड कांस्टेबल धर्मवीर सिंह,तेज नारायण गुप्ता,पंकज यादव सहित महिला पुलिस,विद्यालय के समस्त स्टॉफ व छात्राएं उपस्थित रहीं।

# अलग– अलग मार्ग दुर्घटनाओं में महिला सहित दो लोगों की मौत

कानपुर देहात। जिले में हुई अलग– अलग मार्ग दुर्घटनाओं में महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई। जबकि पिता–पुत्री भी चुटहिल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर दुर्घटना के बाद फरार चालकों की तलाश शुरू की है। कालपी निवासी प्रदीप कुमार अपनी पत्नी प्रियंका (35)व पुत्री पलक (6)के साथ बाइक से हथेई गांव जा रहे थे। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पिपरी के पास हाई– वे पर पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार दंपति व बच्ची दूर जा गिरे। दुर्घटना में प्रियंका की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका पति व पुत्री भी चुटहिल हो गए। जबकि दुर्घटना के बाद ट्रक लेकर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर अमरौधा चौकी से एसआई चंद्र प्रकाश मौके पर पहुंचे तथा शव को पोस्टमार्टम को लिए भेजा। उन्होने बताया कि दुर्घटना के बाद फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने व परिजनों की तहरीर मिलने के बाद मामले में अग्रिम कार्रवाई होगी। लोडर की चपेट में आकर युवक की गई जानः वहीं शिवली कोतवाली क्षेत्र के अलियापुर के अंडरपास के नजदीक तेज रफ्तार लोडर की चपेट में आकर बाइक सवार कंजती चौबेपुर के रहने वाले मोहित राठौर (35) गंभीर रूप से घायल हो गए। वह अपनी ससुराल कैरानी के मजरा नहेड़ी से पत्नी नीतू व बच्चों उत्कर्ष (4)व लक्ष्मी (5) के साथ वापस अपने गांव लौट रहे थे। दुर्घटना के बाद लोडर छोड़कर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल मोहित को सीएचसी शिवली भेजा। वहां मौजूद डा. शिव कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। चौकी प्रभारी मैथा धर्मेंद्र ने बताया कि दुर्घटना के बाद फरार लोडर कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम कराने व परिजनों की तहरीर मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई होगी।

# बुजुर्ग की संदिग्ध हालात में मौत,बाग में मिला शव

कानपुर देहात। रसूलाबाद कस्बे के सुभाष नगर से बाग में गए एक बुजुर्ग की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों ने पूर्वजों के इस बाग से मिट्टी खनन कराए जाने तथा शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने से उनको शॉक लगने का आरोप लगा हंगामा किया। आक्रोशित परिजनों ने मौके पर पहुंचे लेखपाल को वहां से खदेड़ दिया। बवाल की सूचना पर पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने छानबीन शुरू की। सुभाष नगर रसूलाबाद निवासी इंद्रपाल (60) सुबह अपने पूर्वजों के लगाए बाग की ओर गए थे। वहां उनकी संदिग्ध हालात में मौत हो गई। काफी देर तक उनके वापस न आने पर पुत्र अंकुर सिंह जब वहां गए तो पिता को मृत पड़ा पाया। जानकारी होते ही उनके घर में कोहराम मच गया। परिजनों का आरोप है कि करीब 50–60 साल पहले उनके पिता रघुराज सिंह ने यह बाग लगवाया था। नगर पंचायत इस बाग की जमीन को अपनी बता कर मिट्टी खनन करा रही थी। इसकी शिकायत इंद्रपाल ने तहसील प्रशासन के साथ ही वरिष्ट अफसरों से की, लेकिन खनन बंद नहीं हुआ। पेड़ों के आसपास की मिट्टी खोदे जाने से उनको भारी शॉक लगा और उनकी मौत हो गई। घटना से उत्तेजित ग्रामीणों व परिजनों के हंगामें की सूचना पर लेखपाल कुछ पुलिस कर्मियों के साथ वहां पहुंचा तो ग्रामीणों ने उसके साथ धक्का मुक्की कर खदेड़ लिया। पुलिस कर्मियों ने किसी तरह उसको बचाकर वहां से तहसील भेजा। सूचना पर नायब तहसीलदार मनोज कुमार,इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार शुक्ला व भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा लोगों को समझाकर शांत कराने का प्रयास किया। पुलिस ने कहा कि छानबीन के बाद कार्रवाई होगी।

# अवैध सम्बंधों के शक और पैसों के लिए की गई थी हत्या,दो आरोपित गिरफ्तार

कानपुर। कानपुर आउटर के नरवल क्षेत्र में बीते दिनों एक युवक की निर्मम हत्या कर दी गई थी। जिसका नरवल पुलिस ने खुलासा किया है। आपको बताते चलें कि बीती 29 मार्च को उदयभान उर्फ छोटे 35 वर्षीय निवासी रोशन पुरवा गांव की कुल्हाड़ी से निर्मम हत्या कर दी गई थी।

थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि,बीती 29 मार्च को भुखनाही मोड़ के पास एक युवक शव रक्तरंजित अवस्था में पड़ा मिला था ग्रामीणों की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर शव की शिनाख्त की और जांच पड़ताल में जुट गई।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट और घटनास्थल पर मिले साक्ष्यों के आधार एवं मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत करके पुलिस हत्यारों की तलाश में जुट गई। देर रात को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त दयाशंकर कुशवाहा पुत्र बदलू प्रसाद निवासी लौहेपुर मजरा सवायजपुर थाना नरवल और धुन उर्फ महेश सिंह पुत्र राम औतार 44 वर्षीय निवासी रोशनपुर गांव थाना नरवल को पाली भोगीपुर से सवायजपुर रोड़ पर भुखनाही के बम्बा पुलिया पर दोनों अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा पकड़े गए अभियुक्तों के पास से एक मोटरसाइकिल एवं अभियुक्तगण के पहने कपड़े व चप्पलों का बेंजाडील का परीक्षण किया गया तो मानव रक्त पाया गया। अभियुक्तों ने बताया कि उदयभान की हत्या उन्होंने अवैध सम्बन्ध और पैसों के लेनदेन में किया है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया।

## महिला को बिक्री करने के उद्देश्य से बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी 2 अभियुक्तगिरफ्तार

गोंडा। थाना कोतवाली देहात पुलिस ने महिला को बिक्री करने के उद्देश्य से बहला–फुसलाकर भगा ले जाने के 2 आरोपी अभियुक्तों 01. पप्पू उर्फ कटहरे उर्फ मो0 अहमद पुत्र महबूब अली, निवासी चिश्तीपुर थाना कोतवाली देहात जनपद गोण्डा, 02. श्रीमती जहरुल निशा पत्नी महबूब अली निवासी चिश्तीपुर थाना कोतवाली देहात जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर महिला को बरामद कर लिया गया। उक्त अभियुक्तगण थाना कोतवाली देहात क्षेत्र की रहने वाली महिला को बिक्री के उद्देश्य से बहला–फुसलाकर भगा ले गए थे तथा वहां पैसै लेकर किसी अन्य व्यक्ति को बेचने की फिराक मे थे। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार कर्ता टीम`मे' उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार सिंह मय टीम शामिल रहे।

## छपिया पुलिस ने दो वर्ष से फरार चल रहे वांछित को गिरफ्तार कर भेजा जेल

मसकनवा (गोंडा)। दो साल से फरार चल रहे वांछित अभियुक्त को छपिया पुलिस ने गिरफ्तार किया। थाना छपिया अधीक्षक चितवन कुमार ने बताया कि पप्पू मिश्रा पुत्र भारत मिश्रा निवासी बहिराडीहा जो दो साल से कई संगीन धाराओं में फरार चल रहा था।जिसके खिलाफ न्यायालय द्वारा गैर जमानती वॉरंट जारी था।उन्होंने बताया कि उप निरीक्षक अश्वनी कुमार राय ने हेड कांस्टेबल मुनीब यादव व हरपाल वर्मा के साथ अभियुक्त पप्पू को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल रवाना किया।

## समाज को एकजुट होकर एक दिशा में एक साथ चलने की आवश्यकता हैरु धीरेंद्र प्रताप सिंह

उन्नाव। हिन्दू युवा वाहिनी की हिन्दू जन बैठक शुक्लागंज में सम्पन्न हुई। शुक्लागंज में मरहला चौराहा के निकट एक हॉल में हिन्दू युवा वाहिनी की हिन्दू जन बैठक आयोजित हुई। मुख्यअतिथि मण्डल प्रभारी धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज हिन्दू द्रोही व देश द्रोही ताकतें तरह तरह के षड्यंत्र रचने में जुटी हैं ऐसे में समाज को एकजुट होकर एक दिशा में एक साथ चलने की आवश्यकता है साथ ही समाज को अपने घटते हुए जनसंख्या अनुपात पर भी गंभीरता पूर्वक चिंतन करने व उसमें सुधार करने की आवश्यकता है। उन्होंने आगामी 10 अप्रैल रामनवमी पर उन्नाव में निकलने वाली श्री राम शोभा यात्रा में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान उपस्थित जनमानस से किया। जिला प्रभारी मनीष सिंह चन्देल ने उपस्थित जनमानस से क्षेत्र में चल रही ईसाई मिशनरियों की धर्मांतरण गतिविधियों पर दृष्टि रखने व रोकने का आहवान किया। जिला संयोजक राहुल पांडेय ने लोगों से एक मन्दिर चिन्हित कर सप्ताह में एक दिन व समय निश्चित कर सामूहिक आरती चालीसा पाठ आदि करने की आदत डालने का आहवान किया। आयोजक राहुल त्रिवेदी व योगेश दीक्षित ने सबका धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सचिन तिवारी, जिला मंत्री सचिन राजपूत, मनीष तिवारी, अनुराग सिंह, दीपक गुप्ता, अनिल शर्मा, योगेश द्विवेदी, दिलीप, संदीप, पंकज कुमार, शशांक दीक्षित, वैभव त्रिपाठी, सर्वेश दीक्षित, अर्पित त्रिवेदी, रोशन झा उपस्थित रहे।

## बिजली अभियंता सामूहिक अवकाश पर नही जाएगे

उन्नाव। निजीकरण के विरोध में अभियंताओं ने धरना देकर अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद करते हुए सामूहिक अवकाश पर जाने का फैसला लिया तो बैठकों का दौर चालू हो गया। वार्ता के बाद आक्रोशित बिजली अभियन्ताओं व जूनियर इंजीनियरों द्वारा 4 से 6 अप्रैल तक सामूहिक अवकाश पर जाने की रूपरेखा को स्थगित कर दिया गया। संगठनो और सरकार के बीच बातचीत हुई तो ऊर्जा मंत्री ने सभी को आश्वस्त करते हुए उठाएं गए मुद्दे के समाधान के साथ संगठन पदाधिकारियों को सब कुसह सही रखने का आश्वाशन दिया। उधर, आंदोलित अभियन्ताओं ने सामूहिक अवकाश पर जाने से पहले करीबन 65 से ज्यादा प्रपत्र अधीक्षण अभियंता के कार्यालय में जमा हो चुके है। एसडीओ ने बताया कि लखनऊ में संगठन और ऊर्जा मंत्री के बीच वार्ता हुई है। जिसके बाद सामूहिक अवकाश पर जाने की योजना स्थगित कर दी गई है।

## खाली प्लाट में युवक का शव पड़ा मिलने से फैली सनसनी

कानपुर। बिधनू न्यूआजाद नगर चौकी क्षेत्र के सतबरी रोड़ स्थित एक खाली प्लाट में सुबह 45 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल की। दो घंटे के प्रयास के बाद शव की शिनाख्त सजेती निमला गांव निवासी नरेंद्र संखवार के रूप में हुई। जो काफी समय से गंगापुर में खाली पड़ी कालोनियों में रह रहा था। स्थानीय लोगों के मुताबिक युवक शराब का लती था। . शाम को शराब के नशे में क्षेत्र में घूमता देखा गया था।युवक के मृत पाए जाने की सूचना पर पहुंचे छोटे भाई महेंद्र ने बताया कि नरेंद्र ने दो शादियां की थी। नशे की लत की वजह से दोनों पत्नियां छोड़ कर चली गयी थी। जिसकी वजह से उनकी मानसिक हालत भी बिगड़ गई थी। कई साल पहले वह घर से निकल आये थे। बिधनू थानाध्यक्ष अतुल कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# हम क्या कर सकते हैं,इस पर कार्य करना चाहिए: सांसद जगदम्बिका पाल

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद श्रावस्ती से शुभारम्भ






दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। प्रत्येक परिषदीय विद्यालय में वृहद स्तर पर स्कूल चलो अभियान संचालित किए जाने का सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद श्रावस्ती से शुभारम्भ किया गया। जिसका लाइव प्रसारण जनपद के समस्त परिषदीय स्कूलो में बच्चो को दिखाया गया। इसी क्रम में उ0प्रा0वि0 जोगिया, विकास क्षेत्र–जोगिया सिद्धार्थनगर में सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाधिकारी दीपक मीणा की उपस्थिति में स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जनपद के सभी परिषदीय विद्यालयों में बच्चों व शिक्षकों द्वारा इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। इस अवसर पर जनपद श्रावस्ती से लाइव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन को सभी ने सुना, जिसमें मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा एक मात्र ऐसा साधन है जो एक व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन कर सकता है। राष्ट्र तभी विकसित होगा जब यहां का हर व्यक्ति, हर बच्चा शिक्षित होगा। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि इस अभियान के तहत गांव या शहर के प्रत्येक बच्चे का स्कूल में नामांकन किया जाए। एक भी बच्चा छूटने न पाए।उन्होंने कहा कि सभी अभिवावक, अध्यापक गण इस अभियान सफल बनाने का संकल्प लें और 30 अप्रैल तक घर–घर दस्तक देकर प्रत्येक बच्चे का बेसिक शिक्षा में नामांकन कराना सुनिश्चित कराएंगे। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत व नगर निकाय के सभी जनप्रतिनिधिगण इस अभियान का हिस्सा बनेंगे। इस अवसर पर जनपद में उ0प्रा0वि0 जोगिया, विकास क्षेत्र–जोगिया में सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाधिकारी दीपक मीणा को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बैच लगाकर स्वागत किया, तथा मॉ सरस्वती के चत्र पर माल्यार्पण कर एवं द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इसके पश्चात स्कूली छात्रध्छाओ द्वारा सरस्वती बन्दना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने कहा कि आज मुख्यमंत्री द्वारा आज जनपद श्रावस्ती से स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ किया गया है जिसका पूरे प्रदेश के समस्त परिषदीय विद्यालयों में लाइव प्रसारण दिखाया जा रहा है। कायाकल्प से स्कूलों की व्यवस्था बदली हैं। हम क्या कर सकते हैं। इस पर कार्य करना चाहिए। सांसद डुमरियागंज ने कहा कि पांच स्कूलों को गोंद लेंगे। जहा सारी व्यवस्थाएं बेहतर होगी, शौचालय, बिल्डिंग, सोलर पैनल, शिक्षा आदि व्यवस्था बनाया जाएगा। विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही ने कहा कि जनपद के विभिन्न स्कूलो में कायाकल्प योजना के अन्तर्गत कार्य किये गये है जिससे स्कूलो की सूरत बदली है।इस अवसर पर जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि आज स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ हम इस विद्यालय के प्रागंण से कर रहे है। पिछले 02 वर्षो से हम कोरोना जैसी महामारी से जूझ रहे थे जिस कारण स्कूल समय से नही खुल पाये। हमारा प्रयास रहेगा कि स्कूल में 100 प्रतिशत नामांकन हो और बेहतरीन शिक्षा दी सके। इसके पश्चात हम स्कूलो में कायाकल्प के माध्यम से स्कूलो व्यवस्थाये बेहमर बनायी गयी है। इसके साथ–साथ कुछ स्कूलो में मॉडल क्लास भी शुरू हो गयी है जहां पर प्रोजेक्टर के माध्यम से पढ़ाई की जारही है। आने वाले समय में हमारा प्रयास रहेगा कि सभी स्कूलो में छात्रों के बैठन के लिए बेंच तथा अन्य सुविधाएं अच्छी रहेंगी। जिलाधिकारी ने समस्त अध्यापकध्अध्यापिकाओ से अील करते हुए कहा कि बालकध्बालिकाओ को अच्छी गुणवत्तायुक्त शिक्षा दी जाये। जिसे कि भविष्य में अच्छे अधिकारी बनक रनाम रोशन करे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ किया गया जिसका जनपद के समस्त स्कूलो में लाइव दिखाया गया। आज से स्कूल चलो अभियान प्रारम्भ हो रहा है। शिक्षक घर–घर जाकर बच्चो के नामांकन के लिए अपील करेंगे तथा अभिभावक से समन्वय स्थापित करेंगे। इसके पश्चात स्कूल में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले बालकध्बालिकाओ व उनके अभिभावको को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ राधारमण त्रिपाठी, छात्रध्छात्रांए तथा उनके अभिभावक उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा ने मनाया हिंदू नव वर्ष




दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा सिद्धार्थनगरएवं परशुराम सेना के सभी पदाधिकारियों की तरफ से हिंदू नव वर्ष धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कपिलवस्तु विधानसभा भगवा विधायक श्याम धनी राही एवं शोहरतगढ़ विधानसभा से अपना दल के विधायक विनय वर्मा के सहयोगी संजय पांडे और डुमरियागंज लोकसभा सांसद जगदंबिका पाल के सहयोगी भारतीय जनता पार्टी मीडिया प्रभारी आशीष शुक्ला और अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सर्वजन हित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित श्याम नारायण चौबे ,प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष भाई पवन मिश्रा ,नौगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य राघवेंद्र मिश्रा उर्फ गंगा मिश्रा, सर्वजन हिता पार्टी के जिलाध्यक्षश्री कृपा शंकर त्रिपाठी , संरक्षक अधिवक्ता रामेश्वर पांडे ,स्वामी दिव्यांशु कृष्णा ,ठेकेदार संघ के जिला अध्यक्ष प्रेम पांडे ,राजू पांडे जीबंशीधर पांडे ,बृजेश पांडे ,वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष चंद्रकांत चतुर्वेदी , जिला महासचिव सिद्धार्थ शुक्ला ,शोहरतगढ़ जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ पांडे ,नितेश पांडे , अरविंद पांडे , महेंद्र उपाध्याय , विवेक कर पाठक ,नीरज शुक्ला ,विनय पंडित , विजय पांडे राकेश शुक्ला ,विद्यासागर त्रिपाठी , सनी उपाध्याय ,विकास पांडे , महिला प्रकोष्ठ जिला महासचिव विनीता चतुर्वेदी ,जय कांत पांडे , राजेश मणि ,अजय कुमार मिश्रा , बृजेश उपाध्याय जी आदि सैकड़ों ब्राह्मण भाइयों के साथ हिंदू नव वर्ष मनाया गया और आने वाले श्री भगवान परशुराम जयंती पर विचार विमर्श किया गया भव्य जुलूस निकालने के लिए उसके बाद नए पदाधिकारियों को नए पद पर मनोनयन पत्र राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं संरक्षक के द्वारा दिया गया सभी भाइयों ने इस कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर भाग लिया और आगे भी आश्वासन दिया जब भी कार्यक्रम होगा हम सभी भाई बढ़–चढ़कर भाग लेंगे।

## आयुष्मान कार्ड ने बचाई जान,गरीबो के लिए वरदान साबित हो रहा आयुष्मान कार्ड

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। आयुष्मान कार्ड गरीबो के लिए वरदान साबित



हो रहा शोहरतगढ़ निवासी मुस्तफा उम्र 68 वर्ष मुस्तफा इंप्लांट रिमूवल नेल के कारण काफी परेशान थे लाखो की दवा पूर्व में लगभग 2–3 वर्ष पहले प्राइवट अस्पताल में खर्च कर आपरेशन कराए थे जिसके बाद भी चलने फिरने में असमर्थ थे। जब उन्हे किसी से आयुष्मान कार्ड के बारे में बताया तो सूची में नाम चेक कर के कार्ड बनवा कर जिले पर जिला कार्यक्रम सम्नवयक व आरोग्य मित्र से सम्पर्क किया। कार्यक्रम सम्नयवक ने उनकी दुविधा को दुर कर डॉक्टर के के यादव हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा आपरेशन कराया गया जहा इंप्लांट निकाला गया। मुस्तफा आज चलने फिरने लगे है। इसी तरह की कहानी हंसराज उम्र 70 वर्ष निवासी कनकटी, चेतिया, मिश्रौलिया, सिद्धार्थनगर। का भी था आज वहा ठिक है निश्चित रूप से गरीबो के लिए वरदान साबित हो रहा आयुष्मान कार्ड।

## 20 अप्रैल को होगी दीवानी न्यायालय मे नीलामी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। दीवानी न्यायालय सिद्धार्थनगर परिसर में स्थित कैंटीन फोटोकॉपी , फोटोग्राफी की दुकान जनरल स्टोर एवं बेकरी की दुकान पान की दुकान एवं भुजा की दुकान की पुनः नीलामी दिनांक 20–4 –2022 को समय 1.30 बजे दीवानी न्यायालय के सभागार में कराया जाना सुनिश्चित किया गया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नीलामी में भाग लेना हो वह उक्त तिथि व समय पर उपस्थित होते हुए नियमानुसार नीलामी में भाग ले सकते हैं। उक्त आशय की जानकारी शकील उर रहमान खान अध्यक्ष नीलामी समितिध्अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम जनपद न्यायालय सिद्धार्थनगर द्वारा दिया गया है।

## घर–घर विद्या दीप जलाओ, अपने बच्चे सभी पढ़ाओ

### बेटा–बेटी एक समान, शिक्षा दे सबको सम्मान

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सोमवार को मुख्यमंत्री द्वारा श्रावस्ती में स्कूल






चलो अभियान रैली के शुभारंभ का सजीव प्रसारण जनपद के सभी विद्यालयों में दिखाया गया। स्मार्ट क्लास युक्त स्कूलों में प्रोजेक्टर तथा अन्य स्कूलों में टीवी, लैपटॉप अथवा मोबाइल पर मुख्यमंत्री के स्कूल चलो अभियान का लाइव प्रसारण देखकर बच्चे और शिक्षक उत्साहित दिखे. एक ही साथ सभी स्कूलों में स्कूल चलो रैली निकाल कर लोगों को बच्चों को नये शैक्षिक सत्र में शतप्रतिशत नामांकित कराने हेतु जागरूक किया गया। सदर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय झंडे नगर के प्रधानाध्यापक नियाज अहमद ने बताया कि बच्चों को फल के साथ मध्याह्न भोजन में खीर खिलाकर प्रवेशोत्सव मनाया गया। रैली में बच्चों ने सब पढ़ें, सब बढ़ें, घर – घर विद्या दीप जलाओ, अपने बच्चे सभी पढ़ाओ, तथा बेटा–बेटी एक समान, शिक्षा दे सबको सम्मान आदि गगनभेदी नारे लगाकर जनमानस को बच्चों को स्कूल भेजने हेतु जागरूक किया. इस अवसर पर साधना श्रीवास्तव, संतोष कुमार, प्रेमा देवी, चौधरी चौहान आदि उपस्थित रह।

## मनोकामना पूर्ण करती है गोला की माँ जम्बूद्वीप भगवती

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला बाजार/गोरखपुर। गोला तहसील क्षेत्र के ग्रामसेमरी में स्थित प्राचीन जम्बू दीप माता का मंदिर आदि काल से लोगों के आस्था एवं विश्वास का केंद्र बना हुआ है । वैसे तो मंदिर पर रोज श्रद्धालु की भीड़ रहती है। लेकिन नवरात्रि के दिनों में यहां मेले का रुप ले लेती है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं का विश्वास है कि जो भक्त सच्चे मन से उनके दरबार में आता है उनका मनोकामना जरुर पूर्ण होती है। यह मंदिर गोला रामजानकी मार्ग से हाटा बडगो मार्ग पर स्थित लगभग 3 किमी उत्तर सेमरी गांव में स्थित है । माता के दरबार में आसपास के लोग अपने बच्चों का मुंडन संस्कार कराने के लिए आते हैं। यहां आने जाने वाले भक्तों का कहना है कि जो सच्चे मन से माता के दरबार में आता है उनकी मनोकामना जरुर पूर्ण होती है। भक्तों की आस्था को देखते हुए सरकार ने मेन रोड से मंदिर तक इन्टर लाकिग रोड का निर्माण करवाया है ।ताकि भक्तों को आने जाने में कोई परेशानी ना हो माता के बारे में यहां के बुजुर्ग अनेक प्रकार की कहानियां बताते हैं। गाँव के लोगों का कहना है कि जम्बूदीप भगवती का मन्दिर गोरखपुर के उत्तर बुढियाबारी गाँव मे भी स्थित है। आज से करीब सैकड़ों वर्ष पहले पूर्वज इस गाँव मे आकर वस गये और गांव में माताजी को स्थापित कर पूजा अर्चना करने लगे ।भक्तों के सहयोग से यहाँ हर साल श्रीमद भागवत कथा का पाठ होता है। लोगों ने आस्था व विश्वास के साथ माता की पुजा अर्चना शुरू कर दिये ।लोगों की मनोकामना पूर्ण होने लगी ।



## इटवा पुलिस ने संग्रामपुर चौराहे पर चेकिंग अभियान चलाया गया



दैनिक बुद्ध का संदेश

इटवा/सिध्दार्थनगर। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डा0 यशवीर सिंह के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियो व एनटी रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुरेश चंद्र रावत के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी इटवा रमेश चंद्र पांण्डेय एवं प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी थाना इटवा के कुशल नेतृत्व में आज शुक्ला चोराहे व संग्रामपुर चौराहे पर एन्ट्री रोमियो के तहत अभियान चलाकर जांच किया गया व संग्राम पुर चोराहे पर पैदल गस्त किया गया। इस अवसर पर एस आई सिधारी भारती, एस आई राधव राम, महिला आरक्षी अर्चना यादव सहित अन्य पुलिसकर्मियों उपस्थित रहे।

## आगामी चुनाव को लेकर चिल्हिया पुलिस एसएसबी संघ किया पैदल गस्त

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक डॉ यशबीर सिंह के निर्देशन में




आगामी एमएलसी चुनाव के मद्देनजर चिल्हिया पुलिस द्वारा एसएसबी जवानों के साथ एरिया डोमिनेट किया गया। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार राय के अगुवाई में थाना क्षेत्र के कस्वा चिल्हिया,कपिया,गौरा बाजार कस्बे में एसएसबी 42वीं वाहनी बहराइच कंपनी के जवानों संघ पैदल गस्त कर शांति व्यवस्था का अहसास दिलाया गया। साथ निरीक्षक द्वारा लोगो से चुनाव में शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की गयी। आगामी पर्व नवरात्रि, रमजान साथ है,आपस मे सौहार्द बनाने की अपील भी की गयी, अराजकतत्व पर पुलिस की पैनी नजर बनी है,कही कोई माहौल खराब करता है,तो उसके खिलाफ शक्त कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान एसएसबी कंपनी कमांडर रमेश चंद्र, एसआई नागेंद्र त्रिपाठी, एसआई वीरेंद्र कुमार पासवान, विजय नाथ यादव,मिथिलेश मिश्रा,दीपक कुमार सहित एसएसबी,पुलिस जवान शामिल रहे।

## सम्पादकीय

**यह भी स्पष्ट है कि आम लोगों पर से भले पाबंदियां हटाई जा रही हों, अस्पतालों में आ रहे मामलों के जरिए कोरोना की स्थिति पर भी नजर रखी जाएगी और तय किए गए तबकों में तेज टीकाकरण के माध्यम से उसके खिलाफ लड़ाई भी पूरी तत्परता से जारी रखी जाएगी। इसलिए जरूरी है कि आम नागरिक पाबंदियां हटाने के इस फैसले को ...**

# और पाबंदियां नहीं

दो साल से कोरोना के साये में सख्तियों के बीच जीने को मजबूर देशवासियों को थोड़ी और राहत मिली है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और वित्तीय राजधानी मुंबई में अब मुंह पर मास्क लगाए रखना अनिवार्य नहीं रहा। दिल्ली में मास्क न लगाने वालों पर अब जुर्माना नहीं लगाया जाएगा। महाराष्ट्र सरकार ने भी 2 अप्रैल से कोविड संबंधी सारी पाबंदियां खत्म करने का एलान किया है। पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, कर्नाटक जैसे कई अन्य राज्यों में या तो पाबंदियां पूरी तरह हटा ली गई हैं या उनमें कमी लाई गई है या उस पर गंभीरता से विचार करने की बात कही गई है। जाहिर है, इसके पीछे कोरोना के मामलों में देश भर में आई गिरावट है। रोज सामने आने वाले नए मामलों की संख्या अब बारह से साढ़े बारह सौ के बीच आ गई है। देश में कोरोना के कुल एक्टिव मामले अभी 14307 हैं। अगर इन्फेक्शन के सभी मामलों में इसका अनुपात देखें तो यह मात्र 0.03 फीसदी बैठता है। दिल्ली में कोरोना मरीजों के लिए आरक्षित बिस्तरों में 99.4 फीसदी खाली हैं। जाहिर है, ऐसी स्थिति में कोरोना से जुड़े प्रतिबंध जारी रखते हुए लोगों की स्वाभाविक गतिविधियों में बाधा डालने का कोई मतलब नहीं बनता। इससे आर्थिक विकास की धीरे–धीरे रफ्तार पकड़ रही प्रक्रिया भी बाधित होगी। मगर सबसे बड़ी बात इस संदर्भ में यह है कि कोरोना की महामारी



का स्वरूप पहले दिन से वैश्विक रहा है। इसलिए सिर्फ अपने देश की स्थितियों के आधार पर इसका मूल्यांकन नहीं किया जा सकता। और जहां तक विदेशों की बात है तो यह कई देशों में आज भी एक बड़ा खतरा बना हुआ है। खासकर चीन एकाधिक बार इसे काबू में कर लेने के बावजूद अभी एक बार फिर कई इलाकों में सख्त लॉकडाउन घोषित करने पर मजबूर हुआ है। ऐसे में इसे हम बीती हुई बात के रूप में नहीं ले सकते। संभवतरू इसीलिए अपने देश में भी सरकारें पाबंदिया हटाने की घोषणा करते हुए भी नागरिकों को सलाह यही दे रही हैं कि वे मास्क पहनने और दो गज दूरी रखने जैसी सावधानियों में अपने स्तर पर कमी न आने दें। यह भी स्पष्ट है कि आम लोगों पर से भले पाबंदियां हटाई जा रही हों, अस्पतालों में आ रहे मामलों के जरिए कोरोना की स्थिति पर भी नजर रखी जाएगी और तय किए गए तबकों में तेज टीकाकरण के माध्यम से उसके खिलाफ लड़ाई भी पूरी तत्परता से जारी रखी जाएगी। इसलिए जरूरी है कि आम नागरिक पाबंदियां हटाने के इस फैसले को कोरोना से मुक्ति के संकेत के रूप में न लें। इसका मतलब सिर्फ इतना है कि वायरस से लड़ाई के मौजूदा चरण में कानून की सख्ती के मुकाबले नागरिकों की समझदारी को ज्यादा कारगर माना जा रहा है।

# फौजी शिंकजे में ढील

वेद प्रताप वैदिक

केंद्र सरकार ने असम, नगालैंड और मणिपुर के ज्यादातर क्षेत्रों से अफ्सपा याने श्आर्म्ड फोर्सेज स्पेशल पावर्स एक्ट्य को हटाकर सराहनीय कदम उठाया है। 1958 में यह कानून नेहरु सरकार को इसलिए बनाना पड़ा था कि भारत के इन पूर्वी सीमा के प्रांतों में काफी अराजकता फैली हुई थी। कई बागी संगठनों ने इन प्रांतों को भारत से तोडने का बीड़ा उठा रखा था। उन्हें ईसाइयत के प्रचार के नाम पर पश्चिमी मुल्क भरपूर सहायता दे रहे थे और चीन समेत कुछ पड़ौसी देश भी उनकी सक्रिय मदद कर रहे थे। इसीलिए इस कानून के तहत भारतीय फौज को असाधारण अधिकार प्रदान कर दिए गए थे। इन क्षेत्रों में नियुक्त फौजियों को अधिकार दिया गया था कि वे किसी भी व्यक्ति पर जरा भी शक होने पर उसे गिरफ्तार कर सकते थे, उसकी जांच कर सकते थे और उसे कोई भी सजा दे सकते थे। उन्हें किसी वारंट या एफआईआर की जरुरत नहीं थी। इन फौजियों के खिलाफ न तो कोई रपट लिखवा सकते थे और न ही उन पर कोई मुकदमा चल सकता था। दूसरे शब्दों में इन क्षेत्रों की जनता श्मार्शल लॉच्य के तहत जीवन गुजार रही थी।

कई निर्दोष और निरपराध लोग भी इस कानून की चपेट में आते रहे हैं। लगभग इन सभी राज्यों की सरकारें इस कानून को हटाने की मांग करती रही हैं। इस कानून को हटाने की मांग को लेकर मणिपुर से इरोम शर्मिला नामक महिला ने 16 वर्ष तक लगातार अनशन किया। यह विश्व का सबसे लंबा और अहिंसक अनशन था। हालांकि यह कानून अभी हर क्षेत्र से पूरी तरह नहीं हटाया गया है, फिर भी 60 प्रतिशत क्षेत्र इससे मुक्त कर दिए गए हैं। पिछले 7–8 सालों में उग्रवादी हिंसक घटनाओं में 74 प्रतिशत की कमी हुई है। सैनिकों की मौत में 60 प्रतिशत और नागरिकों की मौत में 84 प्रतिशत कमी हो गई है। पिछले साल 4 दिसंबर को नगालैंड के मोन जिले में फौज के अंधाधुंध गोलीबार से 14 लोगों की मौत हो गई थी। इस दुर्घटना ने उक्त कानून की वापसी की मांग को काफी तेज कर दिया था। सच्चाई तो यह है कि पूर्वी सीमांत के इन इलाकों में इस तरह का कानून और पुलिस का निरंकुश बर्ताव अंग्रेजों के जमाने से चल रहा था।

केंद्र की विभिन्न सरकारों ने समय–समय पर इस कानून में थोड़ी–बहुत ढील तो दी थी लेकिन अब केंद्र सरकार ने इसे पूरी तरह से हटाने का रास्ता खोल दिया है। पिछले कुछ वर्षों में इन इलाकों के लगभग 70,000 उग्रवादियों ने आत्म–समर्पण किया है। लगभग सभी राज्यों में भाजपा या उसकी समर्थक सरकारें हैं याने केंद्र और राज्यों के समीकरण उत्तम है। 2020 का बोदो समझौता और 2021 का कर्बी–आंगलोंग पेक्ट भी शांति की इस प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह खुद इन क्षेत्रों के नेताओं के बीच काफी सक्रिय हैं। यही प्रक्रिया चलती रही तो अगले कुछ ही वर्षों में ये सीमांत के क्षेत्र भी दिल्ली और मुंबई की तरह संपन्न हो सकेंगे।

# 24 में गैर-भाजपावाद?

**पहली बात पार्टियों और उनके नेताओं के साथ कौन बात करें? पार्टियों के बीच कौन संवाद बनवा सकता है? किसके बस में साझा प्रोग्राम, साझा चुनावी रणनीति और साझा आंदोलनों का खांका बनवाना संभव है? लेफ्ट नेता सुरजीत का अपना कोई करिश्मा नहीं था लेकिन बावजूद इसके उन्होने गैर–कांग्रेसी राजनीति में अंहम रोल अदा किया। लेफ्ट की विरासत के सीताराम यचूरी भी जमीनी ...**

हरिशंकर व्यास

संभव नहीं कि ऐसा कोई सीन बने। यों ऐसे आशावादी है जो मानते है कि विपक्ष से सन् 2024 में भाजपा को मुश्किल होगी। चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर इसकी गणित बताते हुए है। उन्हे क्षत्रपों से भरोसा है। लेकिन आम चुनाव में गणित से ज्यादा जनता से कनेक्टीविटी की केमेस्ट्री का मतलब होता है। और ऐसा नेता की बदौलत। गौर करें हाल के दो–चार महिनों पर। ममता बनर्जी लगातार राष्ट्रीय राजनीति की फू–फा करते हुए है। हाल में उन्होने विरोधी पार्टियों के नेताओं को पत्र लिखा। ऐसे ही तेलंगाना के चंद्रशेखर राव ने मुंबई जा कर शरद पवार से बात की। द्यशद्म ह्यड्डङ्घद्धड्ड द्गद्यद्गष्ह्लद्बशठ्ठ 2024

शरद पवार अर्से से राष्ट्रीय महत्वकांक्षा में फडफडाते हुए है। उधर प्रशांत किशोर ममता बनर्जी, शरद पवार आदि के साथ अखिल भारतीय चुनावी जमीन बनाने की कोशिश में है। मगर क्या कोई एक भी नेता, एक भी कोशिश वह स्पार्क लिए हुए है जिससे सबका लक्ष्य एक दिशा में जाता समझ आए? एक भी कोई नेता वैसे धुरी बनता हुआ लगता है जैसे सन् 1977 में जयप्रकाश नारायण थे, 1989 में हरकिशनसिंह सुरजीत, वीपीसिंह हुए थे या बाद में अटलबिहारी वाजपेयी के इर्द–गिर्द जमावड़ा बना था।




हां, गैर–कांग्रेसवाद के खिलाफ भारत में विपक्षी गठजोड तभी कामयाब हुआ जब दो –चार नेता धुन के साथ पार्टियों को मनाने–पटाने, प्रोग्राम बनवाने, आंदोलन करवाने में जुटे रहे। चंद्रबाबू नायडू, शरद यादव से ले लेकर सीपीएम के हरकिशन सिंह सुरजीत की भागदौड जबरदस्त हुआ करती थी। दक्षिण में भी एनटी रामाराव, रामकृष्ण हेगड़े और चंद्रबाबू नायडु ने कांग्रेस के खिलाफ विपक्ष बनाने के लिए कम काम नहीं किया था। आज कौन है? चंद्रशेखर राव में छटपटाहट है लेकिन उन्हे भी यह समझ नहीं आता कि कांग्रेस की धुरी के बिना विपक्ष खड़ा नहीं हो सकता। और कांग्रेस की दिक्कत यह है कि वह लगातार निराकार लीडरशीप में है। राहुल गांधी अपनी पार्टी के भीतर ही नेताओं का मन जीते हुए नहीं है तो केसीआर, ममता, शरद पवार, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल से कैसे कैमेस्ट्री बना सकते है।

पहली बात पार्टियों और उनके नेताओं के साथ कौन बात करें? पार्टियों के बीच कौन संवाद बनवा सकता है? किसके बस में साझा प्रोग्राम, साझा चुनावी रणनीति और साझा आंदोलनों का खांका बनवाना संभव है? लेफ्ट नेता सुरजीत का अपना कोई करिश्मा नहीं था लेकिन बावजूद इसके उन्होने गैर–कांग्रेसी राजनीति में अंहम रोल अदा किया। लेफ्ट की विरासत के सीताराम यचूरी भी जमीनी राजनीति में बेमतलब है लेकिन तमाम विरोधी पार्टियों के साथ सीधे उनका कहीं कोई टकराव नहीं है तो सोनिया गांधी, राहुल गांधी, केसीआर, लालू, अखिलेश और ममता के बीच सुरजीत जैसी भागदौड करें तब भी कुछ विपक्षी तालमेल की गति बने। मगर नेताओं की जगह प्रशांत किशोर की भागदौड का हल्ला सुनाई दे रहा है।

दरअसल जैसे क्षेत्रिय पार्टियों का मामला है वैसे अब लेफ्ट और कांग्रेस का भी है। ये भी अपने–अपने राज्य में सिमट गए है। गैर–कांग्रेसवाद के समय जनसंघ, समाजवादी, स्वतंत्र पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टियां राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय सरोकारों में सोचती हुई थी। राष्ट्रीय पार्टियां बाकि पार्टियों को लीड करती थी। अब ममता बनर्जी, केसीआर या केजरीवाल अपने इलाके में रहकर धुरी बनने की खामोख्याली में है। अरविंद केजरीवाल, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, हेमंत सोरेन, कुमारस्वामी में सभी अपने प्रदेश में सिमटे हुए या अपने विस्तार की चिंता में है।

**हमारी सरकार के पास महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्राप्त करने का एक ट्रैक रिकॉर्ड है। चाहे वह देश के हर गांव का विद्युतीकरण हो। अक्षय ऊर्जा क्षमता में उल्लेखनीय वृ)ि के साथ–साथ इसकी लागत में तेज गिरावट होय एलईडी क्रांति, जिसने ऊर्जा की कम खपत करने वाले बल्ब की लागत को काफी कम कर दिया हो या परिदृश्य बदलने वाली कल्याणकारी योजनाएं हों– जैसे आम ...**

# उदात्त मूल्य कट्टर नहीं होते

अजीत द्विवेदी

आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 29 मार्च को एक ट्विट किया, जिसमें उन्होंने लिखा, श्आम आदमी पार्टी की विचारधारा के तीन स्तंभ हैं– एक, कट्टर देशप्रेम। दो, कट्टर ईमानदारी और तीन, इंसानियतत्य। इसके आगे उन्होंने लिखा, श्दिल दिया है, जां भी देंगे ए वतन तेरे लिएच्य। अरविंद केजरीवाल की जगह यह ट्विट किसी और ने किया होता तो उस पर विचार की जरूरत नहीं होती। लेकिन चूंकि खुद केजरीवाल ने यह ट्विट किया है और श्देशप्रेम, ईमानदारी और इंसानियतत्य को अपनी पार्टी की विचारधारा बताया है इसलिए जरूरी है कि इस पर गंभीरता और बारीकी से विचार किया जाए। इस ट्विट के जरिए उन्होंने उन लोगों को भी जवाब देने का प्रयास किया है, जो उनकी पार्टी को विचारधारा से परे या श्उत्तर विचारधाराच्य की पार्टी मानते रहे हैं।


इस पर विचार की शुरुआत में सबसे पहले यह बताना जरूरी है कि श्देशप्रेम, ईमानदारी और इंसानियतत्य कोई विचारधारा नहीं हैं। ये मानवीय मूल्य हैं, जो सहज रूप से हर व्यक्ति में होना चाहिए और होता भी है। विचारधारा और मानवीय मूल्यों में जमीन आसमान का फर्क होता है। विचारधारा ऐसी चीज नहीं होती है, जो हर व्यक्ति में एक जैसी हो या हर व्यक्ति एक विचारधारा से निर्देशित हो। परंतु मानवीय मूल्य ऐसी चीज है, जो हर व्यक्ति में समान रूप से हो सकती है। इस बात को ऐसे भी कह सकते हैं कि मानवीय मूल्य ही किसी को इंसान बनाते हैं। जिस तरह से दया, प्रेम, अहिंसा आदि उदात्त मानवीय मूल्य हैं उसी तरह से देशप्रेम, ईमानदारी और इंसानियत भी उदात्त मानवीय मूल्यों की श्रेणी में आते हैं और इनके होने से ही इंसान की पहचान होती है। हर इंसान में ये मूल्य होने चाहिए चाहे वह किसी भी विचारधारा को मानने वाला है। तभी कोई यह नहीं कह सकता है कि समाजवादी या साम्यवादी विचार को मानने वाला व्यक्ति ईमानदारी, देशप्रेम या इंसानियत के मूल्यों से भरा नहीं होता है। या पूंजीवादी, उदार या मिश्रित समाजवाद



की विचारधारा को मानने वाला व्यक्ति ईमानदार, देशप्रेमी या इंसानियत वाला नहीं हो सकता है। आप चाहे किसी भी विचारधारा को मानते हों, आप ईमानदार, देशप्रेमी और इंसानियत से भरे हो सकते हैं।

पार्टियां या नेता चाहे जिस भी विचारधारा को मानने वाले हों उनसे उम्मीद की जाती है कि उनके अंदर देशप्रेम होगा, वे ईमानदार होंगे और उनमें इंसानियत का भाव होगा। लेकिन इसी को उलट कर कहें तो वह बेसिर–पैर की बात हो जाएगी। यह नहीं कहा जा सकता है कि देशप्रेम, ईमानदारी और इंसानियत में भरोसा करने वाला व्यक्ति किसी खास पार्टी या किसी खास विचारधारा का ही व्यक्ति होगा। इस बुनियादी फर्क को पता नहीं केजरीवाल ने क्यों नहीं समझा? यह भी हो सकता है कि उन्होंने समझते हुए यह बात कही हो क्योंकि नेता आमतौर पर जनता को मूर्ख समझते हैं या लगभग हर समय मूर्ख बनाने की कोशिश करते रहते हैं। केजरीवाल का बयान इसी प्रयास का हिस्सा है। बरसों तक प्रचार और हजारों करोड़ रुपए के विज्ञापन के जरिए नरेंद्र मोदी ने अपने को सबसे बड़ा देशभक्त और ईमानदार नेता स्थापित किया है। केजरीवाल उस गढ़ी हुई छवि से मुकाबले के लिए अपने को उसी खांचे में फिट करके प्रस्तुत कर रहे हैं। इसी तरह उन्होंने अपने ट्विट में श्दिल दिया है, जां भी देंगे ए वतन तेरे लिएच्य लिखा है, वह भी कोई विचारधारा नहीं है, बल्कि एक जज्बा है, जो हर इंसान के दिल में अपने अपने वतन के लिए होता है। हो सकता है कि वतन की बात पर किसी का दिल जरा ज्यादा जोर से धड़कता हो पर यह तय है कि वह दिल किसी नेता का नहीं होगा।

केजरीवाल की टिप्पणी में दूसरा अहम सुधार यह जरूरी है कि कोई भी उदात्त मानवीय मूल्य कट्टर नहीं हो सकता है। कट्टरता खत्म होती है तभी तो कोई मानवीय मूल्य उदात्त होता है। क्या प्रेम कभी कट्टर हो सकता है? कट्टर होते ही प्रेम खत्म हो जाएगा। आसक्ति जरूर कट्टर हो सकती है लेकिन प्रेम नहीं। अगर किसी को आसक्ति और प्रेम में फर्क नहीं पता हो तो अलग बात है। ऐसा व्यक्ति श्डरच्य फिल्म के शाहरूख खान की बेलगाम आसक्ति को भी प्रेम मान सकता है। प्रेम जहां किसी को उदार और दयालु बनाता है वहीं आसक्ति उसे क्रूर और हिंसक बना सकती है। यानी प्रेम जैसे ही कट्टर होगा वह क्रूर और हिंसक हो जाएगा। वैसे ही देशप्रेम जैसे ही कट्टर होगा वैसे ही वह क्रूर, हिंसक और अमानवीय हो जाएगा। अगर ऐसा नहीं होता तो गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर ने यह नहीं लिखा होता कि श्मैं जब तक जिंदा हूं तब तक देशप्रेम को मानवता के ऊपर स्थापित नहीं होने दूंगाच्य। उनके लिए मानवता देशप्रेम से बड़ी चीज थी। यहां तो केजरीवाल देशप्रेम की नहीं, बल्कि कट्टर देशप्रेम की बात कर रहे हैं। कट्टर देशप्रेम सबसे पहले मानवता की हत्या करता है। देशप्रेम एक मानवीय मूल्य है, जो किसी देश के नागरिक के अपने देश के प्रति गर्व और लगाव का प्रतीक है लेकिन कट्टर देशप्रेम राजनीतिक और एक हद तक फासीवादी धारणा है, जो किसी व्यक्ति को हिटलर या मुसोलिनी बना सकती है। इसी तरह ईमानदारी भी कट्टर नहीं होती है, बल्कि सहज होती है। ईमानदारी सहज मानवीय गुण है। अफसोस की बात है कि आजकल ईमानदारी एक दुर्लभ चीज हो गई है इसलिए जब यह खबर आती है कि श्ईमानदार ऑटो वाले ने पर्स लौटायाच्य तो हैरानी होती है, रोमांच होता है और खुशी होती है।



## ट्रक से भिड़ी बस, 18 घायल, पांच गंभीर

देवरिया। कुशीनगर से बलिया के मनियर देवी दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की बस बरहज–देवरिया मार्ग पर मोहाव काली मंदिर के समीप  रात ट्रक से टकरा गई, जिससे बस में सवार 18 लोग घायल हो गए। टक्कर होते ही बस में सवार घायलों में चीख–पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहज पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख पांच को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कुशीनगर के कसया व आसपास के गांव के लोग रात को बस से बलिया जनपद के मनियर स्थित देवी स्थान पर दर्शन करने के लिए निकले। इस बीच मोहाव के समीप बरहज की तरफ से आ रहे एक ट्रक से बस टकरा गई। जिससे बस में सवार लालती देवी, लीलावती देवी, कमलावती देवी, शीला देवी, कुसुमावती देवी, सरोज देवी, मीना देवी, राजरानी देवी, रीता देवी, लीलावती देवी, चांदनी कुमारी, सुमन देवी, लीलावती देवी, अनिरुद्ध शर्मा, रामाअधार गुप्ता ,राजेंद्र जायसवाल, अंशिका, काजल घायल हो गई। इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से लालती देवी, लीलावती देवी, शीला देवी, सरोज देवी और अनिरुद्ध शर्मा की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## 121 केंद्रों पर बोरे उपलब्ध नहीं

देवरिया। गेहूं खरीद के लिए जनपद में 136 क्रय केंद्र खुल गए हैं। हाट शाखा के महज 15 केंद्रों पर ही बोरे उपलब्ध हो सके हैं। साधान सहकारी समितियों समेत अन्य 121 केंद्रों पर बोरे का इंतजाम नहीं हो सका है। ऐसे में किसानों के गेहूं बेचने आने पर मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। विभागीय लोगों का कहना है कि जनपद में वर्तमान समय में 15 हजार बोरे की उपलब्धता है। खरीद शुरू हुए तीन दिन बीत गए लेकिन अभी एक भी किसान गेहूं बेचने के लिए टोकन लेने क्रय केंद्र पर नहीं पहुंचा। उम्मीद जताई जा रही है कि एक सप्ताह के भीतर किसान गेहूं बेचने के लिए क्रय केंद्रों पर आने लगेंगे। शासन की तरफ से जनपद में इस बार एक लाख दो सौ मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य तय किया है। एक अप्रैल से क्रय केंद्र खुल गए लेकिन कई जगहों पर संसाधन मुहैया नहीं हो पाया है। किसानों को बैठने के लिए कुर्सियां, पीने का पानी, शौचालय आदि का इंतजाम नहीं है। अधिकारियों की तरफ से किसानों की सुविधा के लिए संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## जनपद में पंजीकरण की रफ्तार सुस्त

देवरिया।  जनपद में पंजीकरण की रफ्तार सुस्त है। अभी तक महज 2500 किसानों ने ही पंजीकरण कराया है। पिछले वर्ष 20 हजार से अधिक किसानों का पंजीकरण हुआ था। इस वर्ष किसानों की संख्या में बढ़ोतरी की उम्मीद है। क्रय केंद्रों पर उपलब्ध कराए गए ई–पाप मशीन गेहूं खरीद में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए इलेक्ट्रानिक पाइंट आफ परचेज (ई–पाप) मशीनों से गेहूं की खरीद की जानी है। जनपद में 140 ई–पाप मशीन उपलब्ध है। जिसे 136 क्रय केंद्रों पर उपलब्ध करा दिया गया है।तौल के समय संबंधित किसान का अंगूठा मशीन में लगवाकर आधार का मिलान कराया जाएगा। उसके बाद गेहूं खरीद की जाएगी। क्रय केंद्रों पर नमी मापक यंत्र, छलना, विनोइंग फैन आदि उपलब्ध कराए गए हैं। जनपद में गेहूं खरीद के लिए क्रय केंद्र खुल गए हैं। सभी संसाधन मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं। केंद्रों का निरीक्षण भी किया जा रहा है। किसान जल्द ही क्रय केंद्रों पर पहुंचेंगे।

## भगवती जागरण. में भक्ति रस में सराबोर रहे श्रद्धालु

महराजगंज। शहर के दुर्गा मंदिर परिसर में जर्नलिस्ट प्रेस क्लब और भगवती जागरण. युवा मंच के तत्वावधान में  भगवती जागरण का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालु पूरी रात भक्ति रस में सराबोर रहे। भजन गायक अमित अंजन ने अपने भक्ति गीतों से श्रद्धालुओं को आनंदित किया। राकेश तिवारी, जय शुक्ला, सुजीत निर्मोही ने भी विभिन्न भजन सुनाए। जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष आयोजित होता है, जो लगभग 28 वर्षों की परंपरा रही हैं। यजमान के रूप में विनीत पांडेय ने परिवार के साथ अपनी भूमिका का निर्वहन किया और विधि–विधान से पूजन कराया। आयोजक समिति के सदस्य विकास जालान, अनूप टिबड़ेवाल, दीपक गोयनका, अशोक टिबड़ेवाल, मनोज सिघानिया, गिरजेश मद्धेशिया, राकेश बंसल, अभिषेक श्रीवास्तव, ओम प्रकाश वर्मा, विकास सिघानिया, दुर्गेश कसौधन, अच्छे लाल वर्मा, महेंद्र निगम, सत्य प्रकाश गुप्ता, अयोध्या, रानू सिंह, अमरेंद्र सिंह,दीपू विश्वकर्मा,अशोक अग्रहरि , टोनी टिबड़ेवाल, मनोज अग्रवाल, विनोद मोदनवाल आदि मौजूद रहे। लेहड़ा संवाददाता के अनुसार  शाम आद्रवन लेहड़ा देवी मंदिर परिसर में आयोजित भगवती नंदू मिश्रा के देवी गीतों को श्रद्धालुओं ने ध्यान से सुना। पूजन–अर्चन के बाद गणेश स्तुति से शुरू हुए कार्यक्रम में देर रात तक श्रद्धालु भक्ति के सागर में गोते लगाते रहे। दुर्गा स्तुति के साथ नंदू ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति शुरू की तो लोग मंत्रमुग्ध होकर झूमते नजर आए। निमिया के डार मैया झुलेलू झुलुअवा, मइया का चोला है रंगलाल,मैं बालक तू माता सहित अन्य भजनों की झड़ी लगा दी। राघवेन्द्र सिंह, नोहर सिंह, ओमप्रकाश पाण्डेय, भूपेंद्र पाण्डेय, संतोष पांडेय, शिवम पांडेय, राजेश चौरसिया,राजू अग्रहरि,सरजू यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## आठ गांवों में अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

महराजगंज। सार्वजनिक संपत्तियों पर अवैध अतिक्रमण को लेकर महराजगंज में दूसरे दिन भी प्रशासन का बुलडोजर चला। इस दौरान कुल आठ गांवों में जिला प्रशासन ने सख्ती पूर्वक कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक भूमि से कुल 2.384 हेक्टेयर भूमि से निर्माण कार्यों को गिराकर भूमि खाली कराया। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पकरडीहा में एसडीएम रामसजीवन मौर्या की देख रेख में अतिक्रमण को जेसीबी लगाकर हटवाया गया। इस दौरान राजस्व विभाग के पक्षपातपूर्ण रवैये को लेकर जिला पंचायत सदस्य दीपक पाण्डेय से नोकझोंक भी हुई। चुकाई, तौलन, संतकुमार श्रीकिशुन, ग्यासुद्दीन, राजू, करीमन, रमाकांत सहित आधा दर्जन लोगों का खलिहान, बंजर में निर्मित टीन शेड गिराया गया। जिला पंचायत सदस्य दीपक पाण्डेय की चारदीवारी और बाबू पांडेय का टीनशेड भी गिराया गया। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में सदर तहसील के उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में टीम ने सदर तहसील के मंसूरगंज गांव में पहुंची, जहां पर खलिहान की भूमि पर रमाशंकर के अवैध अतिक्रमण को गिरवा दिया गया। नायब तहसीलदार सदर नवीन त्रिपाठी ने बताया कि अतिक्रमण हटाने को लेकर कई बार आरोपित को नोटिस दिया जा चुका था। इस दौरान राजस्व निरीक्षक रामबचन, लेखपाल अभिषेक सिंह, उप निरीक्षक हरिश्चंद्र व चौकी प्रभारी मुजुरी अरुण कुमार सिंह मौजूद रहे। अपर जिलाधिकारी डा. पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि . जिले के कुल आठ गांव जिसमें परतावल, धनगड़ा, बांसपार, हरपुर, बसंतपुर राजा, परसा राजा व मंसूरगंज में कार्रवाई करते हुए 2.384 हेक्टेयर भूमि को खाली कराया गया।

# अपनी परंपरा, महापुरुषों व पूर्वजों पर सदैव गर्व करें: सुभाष

देवरिया। चौत्र रामनवमी हिदू नव वर्ष पर शहर के रामलीला मैदान में .रात वैश्य परिवार सेवा समिति की तरफ से हिदू नव वर्ष महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक सुभाष ने कहा कि अपनी परंपरा, महापुरुषों व पूर्वजों पर सदैव गर्व करें। पूरी दुनिया को भारत ने दिशा देने का काम किया है। भारत विश्व गुरु रहा है। अंग्रेजी कैलेंडर के पीछे कोई विज्ञान नहीं है। भारतीयों ने जो कैलेंडर बनाया है, उसके पीछे विज्ञान है। उसे अध्ययन कर बनाया गया है। कहा कि नक्षत्रों पर चौत, वैशाख, अषाढ़, सावन, भादो आदि नाम रखे गए हैं। ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण किया उसके बाद दो अरब वर्ष बीत गए। हम सिर्फ यूपी व भारत की बात नहीं करते, बल्कि पूरे संसार व सृष्टि की बात करते हैं। हिदू अपनी परंपरा, संस्कृति की व्यापकता को समझें। आज भारत समृद्ध हुआ है। आतंकवादियों को उनके घर में घुस कर मार रहा है लेकिन आंतरिक रूप से अभी और हमें मजबूत होना पड़ेगा। इस बीच फूलों की होली, बाल मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने देशभक्ति गाने पर ग्रुप डांस प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। अंत में सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। आयोजन में संस्कार भारती, जिला युवा उद्योग व्यापार मंडल, हिदू सम्राट दल,1008 कन्या पूजन समिति, देवरिया एकता समिति के कार्यकर्ता सहयोग में लगे रहे। कार्यक्रम में विभाग प्रचारक अजय नारायण, अवनीश बरनवाल, विष्णु गोयल, राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, रविन्द्र प्रताप मल्ल, अध्यक्ष पुरुषोत्तम मरोदिया, कृपानिधान गुप्ता, अटल बरनवाल, अमित मोदनवाल, विष्णु अग्रवाल, दीपक गुप्ता, गोपाल, भरत कुमार मद्धेशिया, अरुण बरनवाल, उमाशंकर मद्धेशिया, अवधेश मद्धेशिया, अखिलेश जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर–ट्राली की ठोकर से दुकानदार की मृत्यु

देवरिया। गौरीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम विशुनपुरा गांव के रहने वाले दुकानदार की रात करीब दस बजे हाटा–गौरीबाजार मार्ग पर ककवल चौराहे पर ट्रैक्टर–ट्राली की ठोकर से मृत्यु हो गई। वह दुकान बंदकर घर जा रहे थे। हादसे के बाद ट्रैक्टर–ट्राली को लेकर चालक फरार हो गया। विशुनपुरा गांव के रहने वाले 51 वर्षीय मिठाई लाल गुप्ता पुत्र कपिलदेव गुप्ता ने गौरीबाजार के रामपुर चौराहे पर जनरल स्टोर की दुकान चलाते थे। वह दुकान बंदकर घर जा रहे थे। तभी हाटा–गौरीबाजार मार्ग पर ककवल चौराहे के समीप मिट्टी लेकर जा रहे ट्रैक्टर–ट्राली ने ठोकर मार दी। सूचना पर पहुंचे स्वजन इलाज के लिए सीएचसी गौरीबाजार ले गए। जहां चिकित्सक ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्वजन में मची चीख पुकारः गौरीबाजार। मृतक मिठाई लाल गुप्ता दुकान से परिवार का भरण पोषण करते थे। अपनी पांच संतानों के भविष्य को बेहतर करने के साथ ही सजाने संवारने में कोई कमी नहीं छोड़ना चाहते थे। लेकिन विधाता के आगे एक न चली। पांच संतानों में बड़ी दो पुत्रियों अनीता व रंजू की शादी कर दिया था। शेष तीन के बेहतर शिक्षा के लिए प्रयासरत रहे। पुत्र मनीष गुप्ता मदनमोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से बीटेक अंतिम बर्ष के छात्र हैं। जबकि दूसरे पुत्र अखिलेश आइटीआइ व सबसे छोटी पुत्री श्वेता एनएम नर्सिंग प्रथम बर्ष की छात्रा हैं। मृत्यु के बाद पिता कपिलदेव, मां सुरसती देवी व पत्नी चंद्रावती रो बिलख रही थीं।

## जर्जर सड़कों के मरम्मत की मांग

बस्ती। किसान कांग्रेस के पूर्व प्रान्तीय सह संयोजक अवधेश सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर बस्ती सदर विकास खण्ड क्षेत्र के महसो चौराहा से राजा मैदान होते हुये केवटलिया तक एवं बस्ती महसो महुली मार्ग पर जमराव से रक्सा कुम्हिया होते हुये सिकरा हकीम मेडिकल कालेज रामपुर को जोड़ने वाली सड़क के मरम्मत एवं नव निर्माण की मांग किया है। पत्र में कांग्रेस नेता अवधेश सिंह ने कहा है कि उक्त दोनों सड़कें क्षेत्र के लिये काफी महत्वपूर्ण है। वर्षो से कोई मरम्मत न होने के कारण दोनों सड़कें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त, जर्जर हो चुकी है। उस पर चलना मुश्किल है और आये दिन दुर्घटनायें होती रहती है। बरसात के दिनों में तो उक्त सड़क पर चलना जान लेवा हो जाता है। उन्होने व्यापक जनहित में दोनों सड़कों के पुर्न निर्माण की मांग किया है।

# खलीलाबाद में मिला अपहृत छात्र, जीआरपी ने किया सिपुर्द

देवरिया। शहर के जलकल रोड से चार दिन पहले रहस्यमय हालत में गायब सातवीं कक्षा में पढ़ने वाला अपहृत छात्र हिमांशु गुप्ता खलीलाबाद रेलवे स्टेशन पर मिला। राजकीय रेलवे पुलिस ने स्वजन को बुलाकर सुपुर्द किया। घटना के बाद बालक की मानसिक हालत गंभीर बनी हुई है। वह किसी को पहचान नहीं पा रहा है।

पिता को शक है कि बच्चों को बेचने वाले गिरोह ने हिमांशु का अपहरण किया था। उन्होंने सदर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शहर के जलकल रोड निवासी विनोद कुमार गुप्ता का 14 वर्षीय पुत्र हिमांशु 31 मार्च को दोपहर करीब 3.30 बजे सामान लेने के लिए दुकान पर गया। काफी देर बाद भी वह घर नहीं लौटा तो स्वजन को चिता होने लगी। स्वजन ने काफी तलाशा, लेकिन पता नहीं चला। जिसके बाद गायब होने की सूचना सदर कोतवाली पुलिस को दी गई। इसके बाद स्वजन ने आसपास के दुकानों में लगे सीसीटीवी को देखा। एक दुकान के सीसीटीवी में छात्र के अपहरण का दृश्य कैद था। बाइक सवार छात्र को अपहृत कर ले जा रहा था। खलीलाबाद जीआरपी ने उसी दिन रात में करीब 9.30 बजे पिता विनोद के मोबाइल पर फोनकर बताया कि उनका पुत्र हिमांशु जीआरपी के पास है। स्वजन खलीलाबाद पहुंचे और कागजी कार्रवाई के बाद छात्र को घर ले आए। स्वजन का आरोप है कि घटना के चार दिन पूर्व हिमांशु ने शिकायत की थी कि बाइक सवार युवक उनका पीछा कर रहा है। सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह ने बताया कि पिता की तरफ से चार दिन बाद पुत्र के बारे में तहदीर देकर जानकारी दी गई है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम व एसपी ने किया यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

संतकबीर नगर। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ द्वारा संयुक्तरुप से जनपद में चल रही हाई स्कूल व इण्टर मीडिएट की बोर्ड परीक्षा को सफल, शान्तिपूर्ण वातावरण में सकुशल ढंग से नकलविहीन एवं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा केंद्र परमानंद पांडे, रामकली देवी इंटर कॉलेज भगवानपुर थाना महुली, रामकुमार रामनरेश फारेंस अकेडमी नाथनगर, श्रीमती सुंदर देवी बालिका इंटर कॉलेज जयराम पट्टी, श्रीमती फूलमती इंटर कॉलेज काली जगदीशपुर का परीक्षा के दौरान भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा बोर्ड परीक्षा ड्यूटी में लगाए गए समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, कक्ष निरीक्षक सहित समस्त अधिकारीगण जिनकी भी ड्यूटी लगाई गई है वे ड्यूटी को गंभीरता पूर्वक लें, ससमय अपने–अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंचे, कोई भी अनुपस्थित नहीं रहना चाहिए अन्यथा की दशा में कड़ी कार्यवाही की जाएगी।  जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा स्कूल के प्रबन्धकों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा के दौरान स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरा कक्षों तथा प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिकाओं के डबल लॉक को देखा, उन्होंने संबंधित प्रधानाचार्यो को निर्देश दिए कि परीक्षा को सुचितापूर्ण संपन्न कराना है। इसको देखते हुए सीसीटीवी कैमरे पूर्णतया संचालित रहें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सीसीटीवी कैमरे हमेशा अपडेट रहे तथा परीक्षा के दौरान मोबाइल, इलेक्ट्रानिक उपकरण आदि पर पूर्णतयः प्रतिबन्ध रहे साथ ही परीक्षा केन्द्रों में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित रहेगा। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि शासन की मंशानुरूप पारदर्शिता के साथ परीक्षा की शुचिता बनाये रखते हुए नकलचियों पर पैनी नजर रखी जाए, कोई भी परीक्षार्थी अगर नकल करते हुए पाया जाए तो उस पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी।  पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने निरीक्षण में पाया कि जनपद के क्षेत्राधिकारीगण, थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी द्वारा अपने अपने क्षेत्र में संवेदनशीलता के दृष्टिगत भ्रमणशील रहकर परीक्षा केन्द्रों में लगी फोर्स को चेक कर उचित दिशा–निर्देश देते हुए शांतिध्सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किया जा रहा है। कंट्रोल रूम के माध्यम से भी परीक्षा पर पूरी नजर रहेगी सभी को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि शासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन कराते हुए परीक्षा संपन्न कराई जाए।

## मेधावी छात्रों की सफलता से लें प्रेरणाः विधायक

महराजगंज। पं. दीनदयाल इण्टर कलेज महराजगंज में .वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुई। विद्यालय की छात्रा शिखा राव, सोनम सिंह, प्रतिभा वर्मा, हिमानी गिरि, आंचल गुप्ता, खुशी उपाध्याय, कु. प्रिया वर्मा ने सरस्वती वन्दना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने कहा कि परीक्षा फल वितरण का दिन छात्र जीवन में एक अत्यन्त महत्वपूर्ण दिन होता है। विद्यार्थी अच्छे परिणाम की आशा के साथ वर्ष पर्यन्त परिश्रम करता है। उनमें से कुछ लोग जो लगन व मेहनत से अध्ययन में लगे रहें आज विजेता के रूप में हमारे सामने उपस्थित हैं। इनसे प्रेरणा लेकर अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। संस्थापक विजय बहादुर सिंह ने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि गत दो वर्ष कोरोना महामारी के कारण अध्ययन व अध्यापन के लिए बहुत ही चुनौतीपूर्ण रहा, फिर भी हमारे मेधावी छात्रों ने इस चुनौती पर विजय प्राप्त कर अत्यन्त ही सराहनीय कार्य किया है। पुरस्कार वितरण के दौरान विशिष्ट अभिभावक सम्मान के अन्तर्गत अमरेन्द्र प्रताप सिंह, कैलाश कुमार, ओम प्रकाश चौधरी एवं मनोज प्रजापति को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाने वाले मेधावी छात्र–छात्राओं में अमन सहानी, मो.शोएब, कमलेश भारती, करन कुमार, आर्यन गौड़ एवं आकर्ष पटेल को अपने–अपने संवर्ग में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने के लिए शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। संस्था के प्रधानाचार्य रामइन्द्र चक्रवर्ती ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु निरन्तर प्रयत्नशील हैं। संचालन विद्यालय के छात्र अनुज राव और आदित्य प्रताप सिंह ने किया। सिटिजन फोरम के महासचिव विमल कुमार पाण्डेय एवं शमसुल हुदा खान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## एमएलसी चुनाव में अधिमान का अंक लिखना होंगा अनिवार्य

बस्ती।  बस्ती, सिद्धार्थनगर स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र में स्वच्छ एंव निष्पक्ष मतदान कराने के लिए सभी बीडीओ तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत के माध्यम से मतदाताओं को निर्धारित प्रक्रिया की प्रति उपलब्ध करायी गयी है। उक्त जानकारी जिला मजिस्ट्रेटधजिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सौम्या अग्रवाल ने दिया है। उन्होने कहा कि मत को विधिमान्य बनाने के लिए प्रत्येक मतदाता को उम्मीदवार के नाम के आगे 1 अंक लिखकर अपना प्रथम अधिमान दर्शाना अनिवार्य है, अन्य अधिमान केवल एच्छिक है। उन्होने बताया कि प्रथम अधिमान के रूप में चुने गये अभ्यर्थी के नाम के आगे अंक 1 लिखा जायेंगा। शेष अभ्यर्थियों के लिए अधिमान के क्रम में बाद के अंक 2, 3, 4 लिखा जायेंगा। किसी उम्मीदवार के सामने केवल एक अंक लिखा जायेंगा। एक से अधिक उम्मीदवारों के नाम के सामने एक ही अंक न लिखें। एक ही उम्मीदवार के सामने कई अंक लिखने से मतपत्र अवैध हो जायेंगा। उन्होने कहा कि मतदाता को मतदान केन्द्र के अन्दर मतपत्र के साथ बैगनी स्क्रेच पेन दिया जायेंगा, जिससे उन्हें अधिमान का अंक लिखना होंगा। किसी अन्य पेन, पेन्सिल, बाल प्वाइंट पेन का प्रयोग न करें, इससे मत अवैध हो जायेंगा। उन्होने कहा है कि अधिमान केवल अंक में ही लिखा जायेंगा। शब्द में लिखने पर मतपत्र अवैध हो जायेंगा। अंक भारतीय अंको के अन्तर्राष्ट्रीय रूप जैसे–1, 2, 3, 4 या रोमन रूप ्, ए, एए, एट  आदि या संविधान की आठवी अनुसूची में मान्यता प्राप्त किसी भारतीय भाषा में प्रयुक्त रूप में चिन्हित किया जायेंगा। अधिमान लिखने के लिए सही या क्रास का चिन्ह नही लगाया जायेंगा। मतपत्र पर हस्ताक्षर या नाम का प्रारम्भिक अक्षर नही लिखा जायेंगा। ॲगूठे का निशान नही लगाया जायेंगा। ऐसे मतपत्र निरस्त कर दिये जायेंगे।

# वनटांगिया गांवों के लिए आर्थिक उन्नति का द्वार खोलेगा जंगल सफारी

महराजगंज। पांच अप्रैल से शुरू हो रहे जंगल सफारी को लेकर जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ रूट का भ्रमण किया। साथ ही साथ वनटांगिया 24 नर्सरी में ग्रामीणों के साथ बैठक कर पर्यटन के साथ आर्थिक उन्नति के टिप्स दिए। जिलाधिकारी ने वनटांगिया परिवारों को अधिक से अधिक देसी व स्वनिर्मित वस्तुओं के निर्माण करने की सलाह दी। इससे जहां बाहरी पर्यटकों को देसी सामान उपलब्ध हो सकेगा वहीं यह एक आय का स्रोत भी बन सकेगा। वनटांगियां 24 नर्सरी के सेमरहना ऊर्फ तुलसीपुर के आगंनबाड़ी केंद्र पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जंगल सफारी के लिए आए पर्यटकों के लिए परंपरागत दही, मट्ठा व वनटांगिया गावों की स्थानीय वस्तुएं उपलब्ध कराएं। कार्यक्रम के बाद जिलाधिकारी ने वनटांगिया में निर्माणाधीन विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रांगण को पी–पार्क का स्वरूप देते हुए बच्चों को खेलने के लिए झूला, चरखी सहित आदि खेल से संबंधित निर्माण का निर्देश दिया। वनटांगिया गांव में पेंशन, आवास, पीएम किसान निधि आदि का लाभ दिए जाने को लेकर बीडीओ को निर्देश दिया। उपजिलाधिकारी निचलौल सत्यप्रकाश मिश्र, सीओ डीके उपाध्याय, डीसी मनरेगा अनिल चौधरी, बीएसए ओमप्रकाश यादव, निचलौल थानाध्यक्ष सुनिल कुमार राय व ग्राम प्रधान अनिल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

पंप हाउस पर लिखा जाएगा वनटांगिया और सोहगीबरवा जंगल का इतिहासः जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने  जंगल सफारी के रूट के निरीक्षण के दौरान लक्ष्मीपुर से वनटांगिया नर्सरी तक 27 किलोमीटर रेलवे लाइन ट्राम–वे व देइभार प्लेटफार्म का भी निरीक्षण किया। यहां जंगल के बीच प्लेटफार्म व पंप हाउस देखकर उन्होंने इसके बारे में जानकारी ली। बताया गया कि ट्राम वे रेल के लिए इसी पंप हाउस से रेल इंजन में पानी भरा जाता था। प्लेटफार्म पर ओवरहेड टैंक व पंप हाउस भी मौजूद है। जिलाधिकारी ने प्लेटफार्म और टैंक व पंप हाउस का रंग–रोगन कराकर इसपर सोहगीबरवा व वनटांगिया का इतिहास लिखवाने का डीएफओ को निर्देश दिया।

# अभियान चलाकर शोहदों पर नजर रखेगी पुलिस

महराजगंज ।महिला सुरक्षा को लेकर प्रदेश सरकार के निर्देशन में पुलिस विभाग एक बार फिर एंटी रोमियो स्क्वायड को सक्रिय करेगा। इसके तहत पुलिस 100 दिनों को अभियान चलाकर शोहदों और महिला अपराध के मामलों में दोषियों पर विशेष कार्रवाई करेगी। अभियान के बाद 100 दिनों का रिपोर्ट कार्ड शासन को भेजा जाएगा। पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने बताया कि शासन के निर्देश के बाद जिले के सभी थाना क्षेत्रों में महिला सुरक्षा को लेकर (एंटी रोमियो) विशेष दल गठित किया गया है। यह दल स्कूलों, कालेजों, बाजारों, शापिग माल व भीड़ भरे स्थानों पर मौजूद रहेगा। इसमें ज्यादातर लोग सादी वर्दी में रहेंगे। इसका उद्देश्य छेड़छाड़, महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर पूरी तरह से अंकुश लगे। इसके लिए सौ दिनों की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। इन सौ दिनों में जिले के सभी क्षेत्रों में शोहदों पर पुलिस का अभियान जारी रहेगा। हर रोज होगी पेट्रोलिग, सक्रिय होंगे पुलिस मित्र एसपी ने बताया कि पुलिस अब शाम को बाजारों व भीड़ वाले स्थानों पर पेट्रोलिग करेगी। इसमें पुलिस अधीक्षक के साथ अन्य अधिकारी भी जगह–जगह शामिल रहेंगे। एक घंटे की इस पेट्रोलिग का उद्देश्य यह कि आमजन में पुलिस का इकबाल कायम रहे। इसके अलावा जिले भर के पुलिस मित्रों को सक्रिय करने के भी आदेश हैं, ताकि कोई आपराधिक घटना होने से पहले उस पर नियंत्रण पाया जा सके। इसमें निष्क्रिय लोगों को हटाकर दूसरे को शामिल किया जाएगा। एप पर अपलोड होगी सारी कार्रवाईः 100 दिनों के इस अभियान की पूरी कार्रवाई के लिए पुलिस मुख्यालय स्तर से एक पेट्रोलिग के लिए पोर्टल विकसित किया गया है। इसमें प्रतिदिन की कार्रवाई फोटो के साथ अपलोड की जाएगी। प्रत्येक जिले की वेबसाइट व ट्विटर हैंडल पर भी कार्रवाइयों को डाली जाएगी।

# पथ संचलन कर आरएसएस ने मनाया नव वर्ष प्रतिपदा उत्सव

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र।हिंदू नव वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शक्तिनगर इकाई द्वारा पथ संचलन आयोजित किया गया। भारत माता की जय और वंदे मातरम के जय घोष के साथ बड़ी मात्रा में स्वयंसेवकों ने पथ संचलन में भाग लिया। पथ संचलन के लिए ज्वालामुखी कॉलोनी परिसर मैदान में एकत्रित होकर स्वयं सेवकों ने ज्वालामुखी कॉलोनी से पीडब्ल्यूडी मोड़, बस स्टैंड चौराहा, उर्जा द्वार, संडे मार्केट होते हुए पथ संचलन किया।रविवार सायं 4रू00 बजे ज्वालामुखी कॉलोनी परिसर मैदान में बड़ी संख्या में एकत्रित होकर ध्वज को प्रणाम कर हाथ में दंड लिए पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया। पथ संचलन उपरांत ज्वालामुखी कॉलोनी परिसर मैदान में आद्य सरसंघचालक को प्रणाम किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शक्तिनगर सह नगर कार्यवाह आशीष चौबे ने बताया कि संघ पूरे वर्ष में छः उत्सव मनाती है, जिसमें प्रथम उत्सव वर्ष प्रतिपदा नव वर्ष का होता है।कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए जिला संघचालक केके पुरवार ने कहा कि हिंदू नव वर्ष की तिथि संकल्प की तिथि है। आज के दिन सम्राट विक्रमादित्य ने शकों को पराजित करने का संकल्प लिया था। आज का दिन अपना ध्येय व संकल्प निर्धारित करने का दिन है। हमें भी भारत को परम वैभव तक पहुंचाने व अखंड भारत बनाने का संकल्प लेना होगा। भारत को विश्व गुरु बनाना है तो हिंदू समाज को एक होना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्य प्रकाश सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सह नगर कार्यवाह अनिल चतुर्वेदी, राजीव कुमार, नगर विस्तारक विकास जी, संतोष राय, विजय दुबे, राघवेंद्र प्रताप सिंह, ओम प्रकाश टंडन, खुशहाल सिंह, सुजीत सिंह, महानंद गिरी, सौरभ सिंह, यस बंसल, प्रशांत श्रीवास्तव, रवि राय, गुप्तेश्वर सोनी, राजन सिंह, विक्की राय सहित सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



# फिल्म अभिनेता संतोष पहलवान को मिला बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर अवार्ड

## कल शाम बालाजी होटल में भोजपुरी के सभी सितारे एक मंच पर थे

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। आयोजित सरस सलिल भोजपुरी सिने अवार्ड में प्रसिद्ध अभिनेता संतोष पहलवान को उनके बेहतरीन अभिनय के लिए चर्चित फिल्म बाबुल के लिए बेस्ट सपोर्टिंग ऐक्टर अवार्ड से सम्मानित किया गया....बाबुल फिल्म में संतोष पहलवान ने एक गरीब मजदूर दोस्त की भूमिका में दर्शकों एवं समीक्षकों के दिल को छुने वाला अभिनय किया है जिसकी बहुत सराहना हो रही है। संतोष पहलवान ने कई भोजपुरी फिल्मों में अपने अभिनय की छाप छोड़ी है। संतोष पहलवान से बात होने पर उन्होंने बताया कि यह अवार्ड उनके लिए उर्जा का काम करेगा... ताकि भविष्य में और भी बेहतर कार्य कर सकें। संतोष पहलवान की भोजपुरी इंडस्ट्री के दिग्गज कलाकारों के साथ करीब कई फिल्में बनकर प्रदर्शन के लिए तैयार हैं..जिसमें दिनेश लाल निरहुआ जी के साथ गबरू, निरहुवा दि लीडर, आए हम बाराती बारात लेकर, इज्जत घर, आर्मी, राजा डोली लेके आजा आदि, खेसारी लाल यादव के साथ डोली सजा के रखना, पवन सिंह के साथ मेरा भारत महान, प्रवेश लाल यादव के साथ भगवान हाजिर हो, साजन,रितेश पांडेय के साथ राम कृष्ण बजरंगी, समर सिंह के साथ बिग फाइटर आदि प्रमुख हैं उन्होंने कहा धन्यवाद देना चाहूंगा निर्देशक अवधेश मिश्रा फिल्म निर्माता रत्नाकर जी बृहस्पति विवेक पांडे एवं पूरी बाबुल टीम को जिन्होंने मुझे इस बेस्ट एक्टर सपोर्टिंग अवार्ड से सम्मानित किया।



# एनटीपीसी सिंगरौली में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत खेल महोत्सव का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत एनटीपीसी सिंगरौली स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा फिट इंडिया मिशन कार्यक्रम को बढ़ावा देने एवं खेल संस्कृति–स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने हेतु ओपन एथलेटिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बसुराज गोस्वामी, मुख्य महाप्रबंधक, एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा एनटीपीसी झण्डा फहराकर एवं मशाल मार्च प्रज्ज्वलित कर किया गया। तदुपरान्त निशांत गर्ग, अध्यक्ष –स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा मुख्य अतिथि बसुराज गोस्वामी एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ से हार्दिक स्वागत एवं सादर अभिनंदन किया गया। बसुराज गोस्वामी, मुख्य महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में खेल परिषद की इस पहल का स्वागत किया और कोरोना काल के संकट भरे समय से उबरने के बाद सामान्य हालात में खेल महोत्सव आयोजित करने पर प्रसन्नता व्यक्त की और साथ ही उन्होंने आज कल की गतिहीन जीवन शैली में खेलकूद के महत्व पर जोर दिया एवं उपस्थित जनों का खेलकूद में हिस्सा लेने के लिए मनोबल बढ़ाया । खेल महोत्सव के तहत महिलाओं हेतु क्रिकेट टूर्नामेंट के बाद जवाहर लाल स्टेडियम में 'ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया जिसके तहत पुरुष वर्ग, महिला वर्ग व बच्चों के लिए विभिन्न श्रेणी में 400 मीटर रिले, 100 मीटर, लेमन रेस, शॉटपुट आदि जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया।खेल महोत्सव के उत्साहजनक भागीदारी के बाद सभी विजेता प्रतिभागियों को बसुराज गोस्वामी–मुख्य महाप्रबंधक, श्रीमती जयिता गोस्वामी, अध्यक्षा–वनिता समाज एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा मेडल एवं सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सोमनाथ चट्टोपाध्याय, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं प्रचालन), ए के सिंह, (प्रचालन), श्बिभाष घटक, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट, एफजीडी और टीएस), श्अमरीक सिंह भोगल महाप्रबंधक, (ईएमडी एवं सी एंड आई ), सभी विभागाध्यक्ष, यूनियन और एसोशिएशन के प्रतिनिधिगण एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि सम्मलित हुए ।कार्यक्रम का आयोजन निशांत गर्ग, अध्यक्ष, नारायण प्रसाद वर्मा, उपाध्यक्ष एवं खेल परिषद, एनटीपीसी सिंगरौली के अन्य सदस्यों द्वारा किया गया।



# पुरस्कारित हुए बच्चों के खिल उठे चेहरे, मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर। सोमवार को समारोह पूर्वक मंगराव स्थित प्राथमिक विद्यालय में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का का आयोजन किया



गया जिसमें इसमें कक्षा 5 की कविता को प्रथम शालिनी को द्वितीय एवं शिव प्रसाद को तृतीय स्थान प्राप्त प्राप्त हुआ इसी तरह कक्षा 1 से 4 तक के सभी बच्चों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया साथ ही सह शैक्षणिक गतिविधियों में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कुल 50 छात्रों को सम्मानित किया गया । मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख लव कुश ओझा ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिलती है खंड विकास अधिकारी भनवापुर धनंजय सिंह ने कहा मंगराव प्राथमिक विद्यालय अन्य विद्यालयों के लिए उदाहरण है भनवापुर के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर शैलेंद्र मणि ओझा ने बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह बच्चे आगे जाकर देश का नाम रोशन करेंगे। अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक दुर्गेश कुमार मिश्रा ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रदीप कुमार सुरभि श्रीवास्तव,रणजीत सिंह यादव, ग्राम प्रधान रामविलास, नीरज यादव, तोताराम, संजय श्रीवास्तव, रामबरन जयसवाल, कपिल तिवारी, अवधेश भारती समेत बड़ी संख्या में शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# नवरात्रि व रमजान त्यौहारों के दृष्टिगत डीएम व एसपी ने किया पैदल मार्च

संतकबीर नगर। नवरात्रिध्रामनवमी व रमजान त्यौहारों के दृष्टिगत शांतिध्सुरक्षा व्यवस्था हेतु जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ द्वारा संयुक्तरुप से भारी पुलिस बल के साथ खलीलाबाद क्षेत्रान्तर्गत समयमाता मन्दिर के भीड़भाड़ वाले स्थानों, बाजारों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस–पास पैदल गश्त कर मन्दिर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार की दुकानों पर पहुंचकर दुकानदारों एवं आमजन से शांतिध्सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में संवाद स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियोंध्वस्तुओं की चेकिंग कराई गई। आमजन से त्यौहारों को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए जाने की अपील की गई। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद विजय नारायण प्रसाद, पीआरओ पुलिस अधीक्षक अमित कुशवाहा सहित पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे।

# राजकीय इंटर कालेज खैरपुर में हाईस्कूल विज्ञान परीक्षा में पकड़ा गया मुन्नाभाई, एफआईआर दर्ज

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के हाईस्कूल विज्ञान विषय की सोमवार को प्रथम पाली परीक्षा में एक मुन्ना भाई, हिमराज पुत्र नार सिंह निवासी खघेराडिह थाना अहरौरा जिला मिर्जापुर अपने ही गाव के राजू चौहान पुत्र भिखारी लाल के जगह परीक्षा देते हुए पकड़ा गया।जानकारी के अनुसार राजकीय इंटर कॉलेज खैरपुर में हाई स्कूल विज्ञान की परीक्षा में परीक्षार्थी राजू चौहान की जगह हिमराज बैठकर परीक्षा दे रहा था। आन्तरिक सचल दस्ताव व विद्यालय प्रशासन ने उसे पकड़ लिया और करमा थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मुन्ना भाई को पकड़ लिया है। इस मामले में एस आई विनोद यादव ने बताया कीकालेज प्रशासन की ओर से दी गई तहरीर पर मुकदमा धारा 419परीक्षा अधिनियम 6ध्8के तहत केस दर्ज किया जा रहा है।

# युवा पत्रकार प्रेस क्लब उत्तर प्रदेश के प्रयास से फिर लगा एक आदिवासी का निशुल्क कृत्रिम पैर

## युवा पत्रकार प्रेस क्लब उत्तर प्रदेश लगातार पत्रकारो एंव समाज की रहा सुरक्षा– जिला अध्यक्ष विजय कुमार पटेल

दैनिक बुद्ध का संदेश

बीजपुर/सोनभद्र। कहा जाता है कि सृष्टि के कण–कण में भगवान विराजमान होते हैं कब किस रूप में किसको मिल जाए कुछ कहा नहीं जा सकता जिसका जीता जाता उदाहरण है बीजपुर थाना क्षेत्र पुनर्वास प्रथम निवासी लक्षनधारी गोड़ का परिवार।

लक्षनधारी गोंड़ के 6 बच्चों में उनका छोटा बेटा विजय सिंह उम्र 30 वर्ष लगभग 3 वर्ष पहले रोजी रोटी की तलाश में काम करने हैदराबाद गया था जहां फैक्टरी में काम करते वक्त उसका दाहिना पैर कूल्हे के पास से कट गया था जिसके कारण वह चल फिर नहीं पा रहा रहा था कृत्रिम पैर लगवाने के लिए परिवार ने कई जगह पता किया लेकिन पैर लगवाने में लगभग छ50000 खर्च आ रहा था आर्थिक तंगी होने की वजह से परिवार कृत्रिम पैर लगवा पाने में असमर्थ था कहीं से परिजनों को पता चला कि इसी तरह डोड़हर निवासी रामजी बैगा के पुत्र का पैर नही लग पा रहा था जो युवा पत्रकार प्रेस क्लब उत्तर प्रदेश के माध्यम से निशुल्क कृत्रिम पैर लगा था जानकारी मिलने पर पीड़ित विजय सिंह के परिवार ने भी अपनी व्यथा स्थानीय बीजपुर थाना क्षेत्र के पत्रकार व युवा पत्रकार प्रेस क्लब उत्तर प्रदेश के जिला अध्यक्ष विजय कुमार पटेल व जिला कोषाध्यक्ष संदीप राय से सुनाई जिस पर युवा पत्रकार प्रेस क्लब उत्तर प्रदेश के जिला अध्यक्ष विजय कुमार पटेल ने अपने चौनल यूपी 18 न्यूज व द ट्रू मिरर न्यूज पेपर के संपादक काली शंकर उपाध्याय जी को अवगत कराया और गरीब परिवार का सहयोग करने का निवेदन किया। काली शंकर उपाध्याय ने तत्काल गरीब आदिवासी लड़के व परिजनों को शनिवार को बनारस बुलवाकर निशुल्क कृत्रिम पैर लगवाया। अब विजय अपने पैरों पर खड़ा होकर चलने फिरने में सक्षम हो गया तथा बहुत खुश है पीड़ित के परिजनों ने युवा पत्रकार प्रेस क्लब उत्तर प्रदेश के जिला अध्यक्ष विजय कुमार पटेल का आभार व्यक्त करते हुए बहुत धन्यवाद दिया स्थानीय लोगो ने भी इस पुनीत कार्य की बहुत सराहना किया।





# संजीव गौड़ को पुनः राज्य मंत्री बनाए जाने प्रथम आगमन पर कर्मा में भव्य स्वागत

## क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी भाजपा युवा मोर्चा विपिन तिवारी के नेतृत्व में स्वागत सम्मान किया गया



दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। संजीव गौड़ को पुनःराज्य मंत्री बनाए जाने तथा प्रथम आगमन पर मिर्जापुर सोनभद्र बार्डर स्थित करमा बाजार में अपना दल एस के जिला उपाध्यक्ष रामपति पटेल के आवास के सन्निकट भव्य स्वागत सम्मान किया गया उपस्थित लोगों ने माल्यार्पण कर मंत्री का बड़े ही गर्मजोशी के साथ स्वागत किया वहीं वही विपिन तिवारी ने मंत्री को भगवा रंग अंगवस्त्रम भेंट कर स्वागत किया स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से रामपति पटेल ,राम सजीवन तिवारी, विनोद पांडे, हनीफ खान ,अशोक सिंह ,बालेंद्र सिंह रविंद्र बहादुर सिंह, समेत अन्य मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे वही मंत्री ने देव तुल्य कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।



# हरदोई पुलिस ने सनसनीखेज लूट की घटना का किया खुलासा

## सोने,चांदी के जेवरात और नगदी समेत दो महिला अभियुक्ता गिरफ्तार

हरदोई ।पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी की कार्यशैली और सक्रियता के चलते कारित घटनाओं का खुलासा जहां बहुत ही कम समय अंतराल में हो रहा है तेज कार्यशैली के चलते पीतांबर गंज रेलवे गंज थाना कोतवाली शहर निवासी कांति देवी के यहां दिनांक 29 मार्च को कूट रचित लूट की घटना का मुकदमा अज्ञात पंजीकृत हुआ था।पुलिस ने घटना का सफल अनावरण करते हुए दो महिला अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

घटना की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि दिनांक 29 मार्च 2022 को कांति देवी निवासी मोहल्ला पीतांबर गंज ,रेलवे गंज थाना कोतवाली द्वारा सूचना दी कि उनके घर पर तीन नकाबपोश लुटेरों ने घुसकर गर्भवती बहू के साथ मारपीट कर सोने चांदी के जेवरात व नगदी लूटकर ले गए।सूचना पर तत्काल मुकदमा अपराध संख्या 245८22,धारा 394 आईपीसी बनामअज्ञात दर्ज कर उच्च अधिकारियों एवं फील्ड यूनिट द्वारा घटना का सघनता से निरीक्षण किया गया।श्री द्विवेदी ने इस घटना के अनावरण के लिएकोतवाली शहर पुलिस के अतिरिक्त स्वाट, सर्विलांस, एसओजी टीम और मुखबिर को लगाया गया।घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी चेक किए गए। यह तथ्य प्रकाश में आए कि घटना कारित करने में परिवार के किसी व्यक्ति का हाथ अवश्य होगा। इसी क्रम में आज दिनांक 2 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर तनु दीक्षित और अमिता गुप्ता को लेकर पूछताछ की गई तो उनके द्वारा अपना जुर्म कुबूल किया गया तथा उनकी निशानदेही पर कथित लूटे गए सोने ,चांदी के जेवरात और नकदी बरामद की गई।श्री द्विवेदी ने बताया कि गिरफ्तार महिला अभियुक्तों से पूछने पर बताया गया कि घटना में घायल गर्भवती मुस्कान द्वारा अपने जेवर अपनी बहन तनु दीक्षित को दे दिए थे।निकट भविष्य में मुस्कान के देवर व ननद की शादी होनी थी जिसमें उसको जेवर पहनने पड़ते। उसके पास जेवर नहीं थे,इसलिए उसने अपनी दोस्त अमिता गुप्ता को घर के जेवर नगदी देकर कूट रचित बनाकर परिजनों के माध्यम से पुलिस को सूचना दी गई। गिरफ्तार अभियुक्तों में तनु दीक्षित पुत्री राजेश कुमार दीक्षित निवासी सीतापुर रोड थाना कोतवाली शहर और अमिता गुप्ता पत्नी अजय कुमार गुप्ता निवासी सीतापुर थाना कोतवाली शहर हरदोई शामिल रहे। श्री द्विवेदी ने बताया कि मुख्य कूट रचना करने वाली और घटना में शामिल पुरुष को खंगालने में लगी है। पुलिस के इस सफलता से खुश होकर पुलिस अधीक्षक ने ৳25000 की इनाम की घोषणा पुलिस टीम को देने की, की है।

# क्राइम ब्रांच की छापेमारी में ऑनलाइन सट्टा लगवाने वाले नौ लोग को गिरफ्तार

## 45 लाख तीस हजार रुपये समेत 27 मोबाइल व लैपटॉप बरामद

कानपुर। आईपीएल मैच में कोविड गाइडलाइंस के चलते भले ही दर्शकों की एंट्री पूरी क्षमता से न हो सकी हो लेकिन मैच पर सट्टेबाजी पूरी तरह से हावी है। कानपुर की क्राइम ब्रांच की टीम ने गोविंद नगर क्षेत्र के मकान में छापा मारकर देशभर में ऑनलाइन सट्टा लगवाने वाले नौ लोगों को गिरफ्तार करके 45 लाख रुपये समेत मोबाइल व लैपटॉप बरामद किए हैं। पुलिस आयुक्त विजय सिंह मीना की जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई की है। कानपुर की क्राइम ब्रांच टीम ने देर रात दस बजे गोविंद नगर ब्लाक तीन निवासी लोकेश के घर पर सटीक सूचना पर दबिश दी। पुलिस आयुक्त विजय सिंह मीना के निर्देश पर पुलिस पहुंची तो सट्टे का खेल जारी था। पुलिस को देखकर सट्टेबाजों ने भागने का प्रयास किया तो पुलिस ने नौ सट्टेबाजों को पकड़ लिया। मौके से 45 लाख 30 हजार रुपये,दो टेबलेट,दो नोटपैड,27 मोबाइल फोन व एक रजिस्टर बरामद किया है। मैच की हर एक गेंद,रन और चौके छक्के पर लगाया जा रहा था सट्टा : पुलिस के अनुसार गिरोह का सरगना लोकेश,अभिषेक सिंह उर्फ पीयूष से आईडी लेकर ऑनलाइन सट्टा खेलता एवं खिलवाता था। यह सट्टा प्रोबेट.कॉम से देशभर में खेला जा रहा था। मैच की हर एक गेंद,रन और चौके छक्के पर सट्टा लगाया जा रहा था। अभिषेक पहले भी जुआ खिलवाने में जेल जा चुका है। उसके पास शराब के चार ठेके हैं। पुलिस सट्टेबाजी के पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुटी हुई है। क्राइम ब्रांच ने अभिषेक सिंह उर्फ पीयूष पुत्र अवधेश कुमार सिंह निवासी स्वराज नगर, थाना पनकी,अविनाश सिंह पुत्र अवधेश कुमार सिंह निवासी स्वराज नगर, थाना पनकी दीपक कुमार पुत्र राम प्रसाद निवासी ग्रा. सुब्बाखेड़ा, पो.बनिगांव, जिला उन्नाव,संजय भारती पुत्र धमदास भारती निवासी किदवई नगर लेबर कालोनी,प्रकाश श्रीवास्तव पुत्र बाल गोविंद श्रीवास्तव, निवासी गोपाल नगर यशोदा नगर अमित सागर पुत्र नरेंद्र कुमार निवासी बाबूपुरवा कालोनी थाना किदवई नगर,केतन अग्रवाल पुत्र राजकुमार अग्रवाल निवासी साइट नंबर 2 किदवई नगर,लोकेश पुत्र धमपाल निवासी गोविंद नगर ब्लाक तीन थाना गोविंद नगर,आनंद यादव पुत्र उमाशंकर निवासी गोपाल नगर को गिरफ्तार किया है। टीम 50 हजार रुपये का इनाम व प्रशस्ति पत्र देने की घोषणा : सट्टेबाजों पर कारवाई और गिरफ्तारी करने वाली टीम को पुलिस आयुक्त विजय सिंह मीना ने 50 हजार रुपये का इनाम व प्रशस्ति पत्र देने की घोषणा की है।

### शाही ईदगाह कमेटी पर ईद पर चर्चा

जौनपुर। ऐतिहासिक शाही ईद गाह के प्रांगण में एक बैठक ,कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा दावर बैग की अध्यक्षता में हुई ,बैठक का आगाज तीलावते कलाम से हाफिज सरवर ने कियां इस मौके पर सेक्रेटरी मोहम्मद शोएब खां ने ईदगाह में हुए कार्यक्रम का लेखा जोखा प्रस्तुत किया और हुए कार्य पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन कर रहे नेयाज ताहिर शेखू ने हुए कार्यों की तारीफ की तथा आगामी ईद की तैयारी के लिए कार्य करने की रणनीति पर जोर दिया , इस मौके पर खजांची हाजी इमरान, अजीम जौनपुरी, मीडिया प्रभारी रियाजुल हक,जफर आगा ,कमालुद्दीन अंसारी, हुमांयू जफर आदि मेंबर मौजूद रहे ।

### चार श्रेणियों में चलाया गया टीकाकरण अभियान

जौनपुर। विकास खंड मछलीशहर की ग्राम पंचायत बामी के पंचायत भवन सभागार में ग्राम प्रधान श्रीमती सरोज सिंह की उपस्थिति में कुल चार श्रेणियों में टीकाकरण अभियान चलाया गया।ए एन एम आशा पाण्डेय ने गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को नियमित टीका(आर आई) तथा कोविड टीकाकरण 12 प्लस आयु वर्ग को सार्स – कोव–2 की प्रथम डोज तथा 15 प्लस आयु वर्ग को कोवैक्सीन की प्रथम एवं द्वितीय डोज तथा 18 प्लस आयु वर्ग को कोवैक्सीन तथा कोविशील्ड की प्रथम एवं द्वितीय डोज लगाई गई। आज के टीकाकरण अभियान में आंगनबाड़ी कार्यकत्री मीरा सिंह,सुमन सिंह पंचायत सहायक कनक सिंह, गांव की आशा बहुएं रेखा सिंह, शशि उपाध्याय, केशरी यादव ने सहयोग किया।

फोटो 01जेएनपी। ग्राम पंचायत बामी के पंचायत भवन सभागार में टीकाकरण करते स्वास्थ्य कर्मी।

### शान्तिपूर्ण तरीके से कराये निर्वाचनरू प्रेक्षक

जौनपुर ।स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन के लिए चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक सेंथिल पांडियन ने कलेक्ट्रट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन को शांति पूर्वक सम्पन्न कराएं। 09 अप्रैल को होने वाले मतदान और 12 अप्रैल को होने वाली मतगणना के सम्बंध में सभी प्रकार की तैयारियों को प्रत्येक दशा में पूरा कर लिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन के सम्बन्ध में जिन अधिकारियों को निर्वाचन से संबंधित जो कार्य आवंटित किए गए है उनको निर्धारित समय से पूर्व ही पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान तथा मतगणना के समय किसी प्रकार की लापरवाही नही बरती जाए। प्रेक्षक ने निर्देश दिया कि सभी मतदान केन्द्रों का अच्छे से निरीक्षण कर लिया जाए और कमियों को दूर कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र पर आने–जाने की व्यवस्था सुदृढ़ होनी चाहिए और मतदान केन्द्र पर पानी, शौचालय, विद्युत आदि की सुविधा प्रत्येक दशा में अभी से सुनिश्चित की जाए। सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र सिंह से जानकारी प्राप्त की। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक अजय साहनी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामप्रकाश, अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मना शिशु मंदिर का वार्षिकोत्सव

जौनपुर। गौराबादशाहपुर कस्बा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर माध्यमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव समारोह में विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि भारतीय शिक्षा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष कंचन सिंह रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर मुख्य अतिथि द्वारा माल्यार्पण व दीप जला कर किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राधेश्याम राय तथा संचालन अभिषेक मयंक ने किया। स्वागताध्यक्ष माउंट लिट्रा जी स्कूल व सुधाकर सिंह महाविद्यालय के प्रबंधक अरविंद सिंह रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक उमेश सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष लल्लन प्रताप सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा, पवन साहू, राकेश विश्वकर्मा, पंकज राय, सूरज साहू, धर्मेन्द्र, सर्वेश अग्रहरि, पप्पू चौरसिया, सभापति आदि उपस्थित रहे।

# 60 लाख लोग तम्बाकू सेवन से गंवाते हैं जान

जौनपुर। पुलिस लाइन सभागार में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत ला इंफोसर्स की कार्यशाला हुई। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह ने बताया कि पूरे विश्व में लगभग 60 लाख लोग हर वर्ष तम्बाकू सेवन से अपनी जान गंवाते हैं। पूरे विश्व में हर 6.5 सेकेंड में एक धूम्रपान करने वाले की मौत होती है। भारत में कैंसर से मरने वाले 100 रोगियों में से 40 तम्बाकू प्रयोग के कारण मरते हैं। तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ राजीव कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार ने हाल ही में ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे–2021 जारी किया है। इसके अनुसार 23 प्रतिशत लड़के और 24 प्रतिशत लड़कियां किसी न किसी रूप में तम्बाकू उत्पादों का उपयोग करते हैं।

22 प्रतिशत विद्यार्थी सार्वजनिक स्थानों पर परोक्ष धूम्रपान कर रहे हैं। वहीं ग्लोबल एडल्ट्स टोबैको सर्वे–2 (गैट्स–2) की रिपोर्ट से पता चलता है कि 23.1 प्रतिशत पुरुष, 3.2 प्रतिशत महिलाएं और वयस्कों का 13.5 प्रतिशत इस समय तम्बाकू का सेवन कर रहा है। उन्होंने युवाओं को तम्बाकू की लत से दूर रहने की नसीहत दी।

साथ ही नई पीढ़ी को तम्बाकू के जोखिम के कारणों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में तम्बाकू नियंत्रण कानून कोटपा–2003 लागू है। उन्होंने कानून की सभी धाराओं का प्रभावी कियान्वयन करने में सहयोग करने के लिए भी प्रेरित किया। तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के क्षेत्रीय समन्वयक दिलीप पांडे ने जिले के सभी थानों को तम्बाकू मुक्त किए जाने के लिए कार्य करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उनके कार्यों और जिम्मेदारियों के बारे में समझाया। उन्होंने कोटपा अधिनियम–2003 की विभिन्न धाराओं के बारे विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि तम्बाकू अधिनियम 2003 की धारा–4 के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों जैसे सभागृह, अस्पताल भवन, रेलवे स्टेशन प्रतीक्षालय, मनोरंजन केंद्र, शासकीय कार्यालयों, न्यायालय परिसर, शिक्षण संस्थानों, पुस्तकालय, लोक परिवहन तथा अन्य कार्य स्थलों पर धूम्रपान करना अपराध है। तम्बाकू अधिनियम 2003 की धारा–5 के अंतर्गत तम्बाकू उत्पादों के प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष विज्ञापन पर पूर्ण प्रतिबंध है। तम्बाकू अधिनियम 2003 की धारा–6 अ के अंतर्गत 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को तम्बाकू बेचना या 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति द्वारा तम्बाकू बेचना प्रतिबंधित है। तम्बाकू अधिनियम 2003 की धारा–6 ब के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थानों की 100 गज की परिधि में तम्बाकू बेचना प्रतिबंधित है। तम्बाकू अधिनियम 2003 की धारा–7 के अंतर्गत तम्बाकू उत्पादों पर चित्रमय स्वास्थ्य चेतावनी प्रदर्शित करना जरूरी है। तम्बाकू अधिनियम 2003 की धारा–21 और 24 के अंतर्गत 4–6 बार नियमों का उल्लंघन करने पर 200 रुपये तक का जुर्माना किया जा सकता है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एसके सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में जिले के सभी थानाध्यक्षों/प्रभारी थानाध्यक्षों, सभी क्षेत्राधिकारी तथा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार राय ने भाग लिया। उन्होंने सभी लोगों को जनपद में अधिनियम का कड़ाई से पालन करने के लिए निर्देशित किया। सभी स्कूलों के 100 गज के दायरे के अंतर्गत आने वाली तम्बाकू की दुकानों पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए उन्हें हटाने के निर्देश दिए। कार्यशाला में नान कम्युनिकेबल सेल के सभी कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित रहे। संचालन एफएलसी जयप्रकाश गुप्ता ने किया।

### एमएलसी प्रत्याशी का चुनाव कार्यालय उद्घाटित

जौनपुर। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के बाद अब विधान परिषद सदस्य चुनाव को लेकर सरगर्मियां बढ़ गई हैं. इसी के मद्देनजर जनपद में विधान परिषद सदस्य प्रत्याशी बृजेश सिंह प्रिंशु ने अपने चुनावी कार्यालय का विधिवत पूजा कर उद्घाटन किया, इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के साथ भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे। बृजेश सिंह ने कहा कि यह चुनाव जनता का नहीं बल्कि जनता से चुने हुए जनप्रतिनिधियों के द्वारा चुनाव होता है और चुने हुए जनप्रतिनिधि हमेशा चाहते हैं कि सत्ता के साथ रहें क्योंकि उनके क्षेत्र का विकास तभी होगा जब वह सत्ता के साथ रहेंगे, विपक्ष के विधायक के पास विधायक निधि के अलावा कोई संसाधन नहीं होता जिससे वह विकास के काम कर सके।जिलाध्यक्ष ने कहा कि स्थानीय निकाय के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी पूरे प्रदेश में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। मुझे विश्वास है निर्वाचित होने के बाद बृजेश सिंह जौनपुर के समस्याओं को मजबूती के साथ सदन में उठाने का काम करेंगे। और हक की लड़ाई पूरी ईमानदारी के साथ लड़ेंगे। जिला महामंत्री गण पीयूष गुप्ता, सुशील मिश्रा, अमित श्रीवास्तव, सुनील तिवारी, आमोद सिंह, विनीत शुक्ला, सिद्दार्थ राय, रोहन सिंह, नरेन्द्र उपाध्याय, रागिनी सिंह, दिव्यांशु सिंह आदि उपस्थित रहे।

### सीआरपीएफ के साथ पुलिस ने किया फ्लैगमार्च

जौनपुर। नवरात्र और रमजान महीने को देखते हुए पुलिस प्रशासन शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार संपन्न कराने को लेकर मुस्तैद है। खेतारासराय में थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश राय ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के साथ कस्बेमें फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के माध्यम लोगों को आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का पैगाम दिया। पुलिस बूथ से फ्लैगमार्च शुरू होकर मेनरोड और पुरानी बाजार होते चौराहा पर पहुंच कर संपन्न हुआ। सीआरपीएफ के साथ भारी पुलिस बल देख एक बार तो लोग दहशत में आ गए। लोग एक दूसरे से पूछते रहे कि कोई बड़ा मामला है क्या। मीडियाकर्मियों से भी पूछते रहे। जब उन्हें पता लगा कि अराजकतत्वों पर निगरानी रखने और त्योहार पर आपसी भाईचारा व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए पुलिस फ्लैगमार्च कर रही है। तो लोगों ने राहत की सांस ली। इस दौरान उप निरीक्षक राजेश मिश्र, उप निरीक्षक हरिशंकर यादव मौजूद रहे।

### मां काली का दर्शन करने उमड़ रहे श्रद्धालु

जौनपुर। शहर के दक्षिणी छोर पर सिटी स्टेशन रेलवे क्रासिंग के पास फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे स्थापित मंदिर में श्री मां आद्याशक्ति दक्षिणा काली की विशाल प्रतिमा अत्यन्त मनोहारी है। नवरात्रि में मां काली का दर्शन करने के लिए दूर–दराज क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग यहां पर आ रहे हैं। भोर में ही मंदिर का कपाट पूजन अर्चन के बाद भक्तों के लिए खुल जाता है। यहां पर नवरात्रि के पहले दिन से ही मां भक्तों की भारी भीड़ पहुंच रही है। श्रद्धालु नारियल, चुनरी व अड़हुल की माला अर्पित कर हाजिरी लगा रहे हैं। इस मंदिर की स्थापना सन् 1984 में हुयी है। शहर में यह मंदिर कलकत्ता वाली काली के नाम से जाना जाता है। मंदिर के संस्थापक व पुजारी भागवती सिंह 'वागीश' ने बताया कि यह स्थलीय काली जी की सनातनी सिद्धपीठ है। जो भक्तों के भाग्य का नवसृजन कर देती हैं। ज्ञान, भक्त, बैराग्य का संवर्द्धन कर शान्ति, भक्ति, आनन्द समृद्धि एवं अपार करुणा का विस्तार कर देती है। कलयुग में काली जी की कृपा आपार है। जो व्यक्ति सच्चे दिल से मां का नाम का प्रतिपल स्मरण करता है, उसके भाग्य का कपाट खुल जाता है। मां की कृपा जब भक्तों पर हो जाती है तो असंभव भी संभव हो जाता है। इस बार चेत्र नवरात्रि में 8 अप्रैल शुक्रवार को कालरात्रि का दिन है। इस दिन सप्तमी है। यह दिन मां काली का सर्वशक्ति एवं सौभाग्य प्रदायक है। इस दिन मां का दर्शन, पूजन–अर्चन, स्मरण जीवन को ज्योर्तिमय तथा मंगलमय कर देता है।

# सफाई कर्मचारियों सहित अन्य से मांगा स्पष्टीकरण

## निरीक्षण के दौरान पायी गई कर्मचारियों की लापरवाही

महोबा। पंचायत सहायक सहित सफाई कर्मियों को नोटस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। जवाब संतोषजनक न होने पर डीपीआरओ ने कार्यवाही के आदेश जारी किए है। इससे लापरवाह कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार ने जारी किए आदेश में कहा कि नौ मार्च को ग्राम पंचायत दिदवारा का निरीक्षण किया गया। जिसमें पूर्व सूचना के बाद भी सचिव अरविंद तिवारी उपस्थित नहीं हुए। दूरभाष पर जानकारी की तो बताया कि बेटी के ऊंचाई से गिर जाने से वह चले गए। संपर्क मार्ग में निर्मित शौचालय में ताला लगा पाया गया। जो अत्यंत आपत्तिजनक है। केयर टेकर से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए गए है। पंचायत सहायक सचेंद्र पटेल मौके पर उपस्थित पाए गए। स्वच्छता रजिस्टर की जानकारी करने पर कोई जवाब नहीं दे सके। इनका स्पष्टीकरण मांग गया है। पंचायत भवन में गंदगी पाई गई और जलभराव मिला। मौके पर सफाई कर्मी भी अनुपस्थित पाए गए। सफाई कर्मी का मार्च माह का वेतन अवरुद्ध करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। संतोषजनक जवाब न देने पर कार्रवाई करने को कहा गया है। एक अन्य जारी आदेश में डीपीआरओ संतोष कुमार ने बताया कि 11 मार्च को विकासखंड पनवाड़ी की ग्राम पंचायत ब्यारजौ का निरीक्षण किया गया। ग्रामीणों द्वारा बिताया गया कि सफाई कर्मी ग्राम पंचायत में उपस्थित नहीं होते। निरीक्षण के दौरान भी अनुपस्थित पाए गए। जगह–जगह गंदगी पाए जाने पर कर्मी जितेंद्र कुमार का वेतन अवरुद्ध किए जाने की संस्तुति कर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। एक सप्ताह के अंदर संतोषजनक जवाब न देने पर कार्रवाई के आदेश जारी किए गए है।

# एसपी लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा, मंदिर में किए दर्षन

महोबा। नवरात्र के साथ ही जिले की बेहतर कानून व्यवस्था को लेकर चौकस नजर आ रही है। पुलिस अधीक्षक सुधा सिंह ने मंदिरों में जाकर दर्षन किए और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी ने सड़कों पर उतरकर सुरक्षा व्यवस्था देखी और पुलिस कर्मियों को आवष्यक दिषा निर्देष दिए। उन्होंने मुख्यालय के विभिन्न चौराहों में जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में शांति एवं कानून–व्यवस्था को बनाए रखने हेतु जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने–अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक स्थल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करके संदिग्ध वाहनों, व्यक्तियों की चेकिंग की गई तथा सुरक्षा के दृष्टिगत मुख्य स्थानों पर पुलिस तैनात किया गया है।

महोबा सहित पूरे जिले में यह अभियान चलाया गया। अभियान में लोगों को कोविड संक्रमण की तीसरी लहर के प्रति सचेत करते हुए मास्क का प्रयोग व 02 गज की दूरी सहित कोविड गाइडलाइन का पालन करने की अपील की गई। इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब कि दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। यातायात नियमों के उल्लंघन पर 56 वाहनों के ई–चालान किये गये। बता दें कि जिले में बेहतर कानून व्यवस्था और अपराधियों पर कार्यवाही को लेकर पुलिस बेहद सक्रिय और सतर्क नजर आ रही है। पूरे जिले में अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के अभियान को लेकर नियमों के प्रति लापरवाह लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

# नवरात्रि: देवी मंदिरों में पहुंचकर भक्तों ने लिया आषीर्वाद

## शक्तिपीठ मां बड़ी चंद्रिका में जिले के साथ ही बाहरी जनपदों से पहुंच रहे भक्त

महोबा। चौत्र नवरात्रि में सुबह से ही मातारानी की कृपा पाने के लिए भक्त मंदिरों में पहुंच रहे है और देष के 51 षक्तिपीठों में से एक मां बड़ी चंद्रिका देवी मंदिर में जिले के साथ ही बाहरी जनपदों से भक्त मातारानी की कृपा पाने और मत्था टेकने आ रहे है। सुबह से देवी मंदिरों में दर्षनों का सिलसिला देर षाम तक चलता रहा। बता दें कि मां बड़ी चंद्रिका देवी मंदिर ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व रखने वाला मंदिर भक्तों की आस्था व विश्वास का प्रमुख केंद्र माना जाता है। मान्यता है कि माता रानी की सच्चे मन से पूजा अर्चना करने पर वह भक्तों के सारे कष्ट हर लेती है। मुख्यालय के ऐतिहासिक गोरखगिरि में स्थित प्राचीन मां बड़ी चंद्रिका मंदिर व मां विंध्यवासिनी मंदिर के दर्षन करने को भक्त पहुंच रहे है। हजारों की संख्या में भक्तों ने चरखारी के मां मदारन देवी मंदिर में मत्था टेका और परिवार की खुषहाली के साथ ही सुख समृद्धि की कामना की। चौत्र नवरात्रि पर्व के दूसरे दिन महोबा के शक्तिपीठ मंदिर मां बड़ी चंद्रिका देवी में भी भक्तों की लंबी लाइनें लगी रही। इसी के साथ ही महोबा के शक्ति पीठ मां बड़ी चंद्रिका देवी मंदिर, छोटी चंद्रिका देवी मंदिर, मां मदारन देवी मंदिर चरखारी सहित सभी देवी मंदिरों में पूजा अर्चना करने को भक्तों का भारी सैलाब उमड़ा और भक्तों में इसे लेकर उत्साह दिखाई दे रहा है। सुबह से ही भक्त मंदिर दर्षनों को पहुंचने लगे थे और यह सिलसिला देर षाम तक चलता रहा। पूरे जिले में गूंज रहे देवी मां के भक्ति गीतों से माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो हौंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर , 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.– UPHIN/2012/49458
संस्थापक:– स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक:– राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एंव सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर.न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917, 9453824459
ई–न्यूज पेपर:– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# नॉन स्टिक पैन का इस तरह से करें सही इस्तेमाल, चलेंगे सालोंसाल

आजकल घरों में नॉन स्टिक पैन का इस्तेमाल बहुत होता हैं जो कि किचन का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका हैं। इसमें खाना पकाना इतना आसान और हेल्दी होता है। नॉन–स्टिक सतह आपके भोजन को बर्तन से चिपकाने के जोखिम को कम करती है। दरअसल नॉन स्टिक पैन की ऊपरी सतह पर एक खास कोटिंग की जाती है जिसकी वजह से कुकिंग के दौरान खाना चिपकता नहीं है। अगर यह कोटिंग खराब हो जाती हैं तो पैन व्यर्थ हो जाता हैं। ऐसे में आज इस कड़ी में हम आपके लिए कुछ टिप्स लेकर आए हैं जिनकी जानकर नॉन स्टिक पैन का इस्तेमाल किया जाए तो ये सालोंसाल चलेंगे। तो आइये जानते हैं इन टिप्स के बारे में...

**थोड़े से तेल का इस्तेमाल**

भले ही यह एक नॉन–स्टिक पैन है, लेकिन यह जानना जरूरी है कि इस पर थोड़े से तेल का उपयोग करना चाहिए। लेकिन इसे करने का सही तरीका क्या है? अगर आप यह जानना चाहती हैं तो हम आपको बता दें कि थोड़ा सा तेल लेकर स्पैटुला का उपयोग करके इसे बर्तन पर फैला दें। एक पेपर टॉवल का इस्तेमाल करके तेल को पोंछ लें और खाना बनाना शुरू करें।

पहली बार साबुन के पानी से धोएंः जब आप पहली बार कोई नॉन–स्टिक कुकवेयर घर पर लाएं तो इस बात का ध्यान रखें कि इसे आपको सबसे पहले साबुन और गर्म पानी से साफ करना होगा ताकि इसमें मौजूद सारी गंदगी या अवशेष साफ हो जाएं। इसके लिए एक सॉफ्ट स्पंज का इस्तेमाल करके इसे रगड़ें और फिर साफ करें। इसे पूरी तरह से सूखने दें और फिर यह उपयोग के लिए तैयार है।

**वेजिटेबल स्टिर फ्राई**

दरअसल स्टिर फ्राई वेजिटेबल एक ऐसी डिश है जिसे हाई फ्लेम पर बनाया जाता है और कैरेमलाइज करना होता है लेकिन आपको बता दें कि नॉन स्टिक पैन हाई फ्लेम की हीट को कम कर देता है। जबकि नॉन स्टिक पैन में ज्यादा हाई हीट नहीं देनी चाहिए। इससे उनकी कोटिंग पर असर पड़ता है और खाने में टॉक्सिक तत्व घुलने लगते हैं।



मेटल चम्मच के इस्तेमाल से बचेंः अगर आप चाहती हैं कि आपके नॉन–स्टिक बर्तन लंबे समय तक चलें तो खाना पकाने के लिए कभी भी मेटल के चम्मच या चाकू का इस्तेमाल करने से बचें। ये नुकीली चीजें बर्तन से नॉन–स्टिक कोटिंग को हटा सकती हैं। आप प्लास्टिक, लकड़ी या सिलिकॉन से बने खाना पकाने के चम्मच का इस्तेमाल कर सकती हैं।

**अगर ज्यादा देर पकाना हो**

अगर नॉन स्टिक पैन में बहुत देर तक हीट दी जाए तो इसकी कोटिंग पिघलने लगेगी और इससे निकलने वाला धुंआ खाने को टॉक्सिक यानी विषैला कर देता है जो हेल्थ के लिए बुरा होता है। दरअसल 500 डिग्री फारेनहाइट पर इसकी कोटिंग पिघलने लगती है। इस बात का भी ध्यान रखें कि खाने के बर्तन को कभी भी डायरेक्ट हीट ना दें।

**स्लो कुकिंग में ना करें यूज**

स्लो कुकिंग के लिए भी नॉन स्किट पैन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। अगर आप सॉस, सूप, मीट, खीर या कोई भी डिश जिसे कम आंच पर बहुत देर तक पकाया जाता है और ये नीचे चिपकने लगते हैं तो ऐसी चीजो को भी नॉन स्टिक पैन में नहीं पकाना चाहिए। इससे आपके पैन की कोटिंग खराब होती है और ये सेहत के लिए भी नुकसानदेह होता है।

हमेशा इसे पूरी तरह से ठंडा होने देंः क्या आपको खाना बनाने के तुरंत बाद अपने कुकवेयर को पानी में रखने की आदत है? तो अपनी इस आदत को पूरी तरह से बदल लें। हमेशा यह सुनिश्चित करें कि बर्तन पूरी तरह से ठंडा हो और फिर आप इसे पानी में साफ करने के लिए डालें क्योंकि तापमान में यह भारी बदलाव नॉन–स्टिक कोटिंग को नुकसान पहुंचा सकता है।

**सही तरीके से साफ करें**

अपने नॉन–स्टिक कुकवेयर को साफ करने के लिए हमेशा सॉफ्ट स्पंज का इस्तेमाल करें। अगर बर्तन पर कोई धब्बे या अवशेष हैं तो इसे साफ करने के लिए बेकिंग सोडा और पानी के मिश्रण का उपयोग करें। अंत में, वेजिटेबल ऑयल में डूबे हुए कागज के साथ साफ करें।

**इन चीजों में करें नॉन स्टिक पैन का इस्तेमाल**


ऑमलेट, फिश, चिकेन, नूडल्स आदि को आप नॉन स्टिक पैन में आसानी से पका सकते हैं। ये सभी डिशेज काफी जल्दी बनती हैं और इन्हे अधिक देर तक पकाने की जरूरत नहीं होती। दरअसल, नॉन स्टिक पैन में मिक्स करने, टॉस करने और पलटने में समस्या नहीं आती, इसलिए मिक्स वेज, चीले, ऑमलेट जैसी चीजों को इस पर बहुत अच्छी तरह बनाया जा सकता है।

## तुलसी कुमार अपने अगले सिंगल जो मुझे दीवाना करदे की रिलीज के लिए तैयार

गायिका तुलसी कुमार ने रोहित खंडेलवाल अभिनीत अपने अगले एकल जो मुझे दीवाना करदे के लिए नृत्य उस्ताद गणेश हेगड़े के साथ मिलकर काम किया है। यह पहली बार है, जब



तुलसी हेगड़े के साथ सहयोग कर रही है। तुलसी ने कहा, जो मुझे दीवाना करदे जैसे गाने पर काम करना एक शानदार अनुभव रहा है, क्योंकि कोरियोग्राफी मेरे व्यक्तित्व और गीत के माध्यम से निभाए गए चरित्र के अनुरूप है। यह मेरा पहला आधिकारिक नृत्य वीडियो होगा और इससे बेहतर और क्या हो सकता है। वह पहले दिन से ही वीडियो के पूरे विजुअलाइजेशन में शामिल थे और इस वीडियो की शूटिंग की प्रक्रिया के माध्यम से मुझे उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला। मैं एक प्रशिक्षित डांसर नहीं हूं, लेकिन मैंने डांस को सही करने के लिए पूर्वाभ्यास किया है। हेगड़े कहते हैं कि तुलसी कुमार के साथ इस गीत पर काम करना अद्भुत था। वह अपने गायन और नृत्य दोनों में एक मासूमियत और चंचलता लाती है और हमने इसे गीत में कोरियोग्राफी के माध्यम से कैद किया है। गायक मनन भारद्वाज कहते हैं, मैंने पहले भी तुलसी के लिए रचनाओं पर काम किया है, लेकिन जो मुझे दीवाना करदे खास है, क्योंकि मुझे इस बार उनके साथ गाने का मौका मिला है। हमने एक साथ गाने पर काम किया है।




## विक्रांत रोना 28 जुलाई को रिलीज होने के लिए तैयार




निर्देशक अनूप भंडारी की बहुप्रतीक्षित मिस्ट्री थ्रिलर विक्रांत रोना, जिसमें कन्नड़ सुपरस्टार किच्छा सुदीप मुख्य भूमिका में हैं, इस साल 28 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके निर्माताओं ने घोषणा की। उगादी के अवसर पर विभिन्न भाषाओं में शीर्ष हस्तियों द्वारा 3डी फिल्म का एक विशेष टीजर जारी किया गया।

तेलुगु सुपरस्टार चिरंजीवी ने फिल्म का तेलुगु टीजर जारी किया, जबकि टीजर का तमिल संस्करण सिलंबरासन उर्फ सिम्बु द्वारा जारी किया गया था।

सलमान खान ने टीजर का हिंदी संस्करण जारी किया, जबकि मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल ने मलयालम में टीजर जारी किया।

किच्चा सुदीप ने खुद ट्वीट कर कहा, लंबे और खूबसूरत सफर के बाद यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि विक्रांत रोना 28 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। विक्रांत रोना 28 जुलाई को दुनिया भर के सिनेमाघरों में 3डी में होगी। जब से निर्माताओं ने पिछले साल फिल्म की एक झलक लॉन्च किया और इसे देश भर के सिनेमाघरों में 3डी में रिलीज किया, इसने दर्शकों के बीच भारी उत्साह और उत्सुकता पैदा कर दी है। यह फिल्म एक पैन वर्ल्ड 3डी फिल्म है, जिसे 50 देशों में रिलीज किया जाना है।

शालिनी आर्ट्स के सहयोग से जी स्टूडियोज ने विक्रांत रोना को नियंत्रित किया है, जिसमें सुदीप के अलावा जैकलीन फर्नांडीज, निरुप भंडारी और नीता अशोक भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में होंगे। पैन वर्ल्ड 3डी फिल्म कन्नड़, तमिल, तेलुगु और मलयालम सहित पांच भारतीय भाषाओं में रिलीज होगी। इसके अरबी, जर्मन, रूसी, मंदारिन और अंग्रेजी में भी रिलीज होने की उम्मीद है।

## बीस्ट के ट्रेलर ने इंटरनेट पर मचाया तहलका




अभिनेता विजय ने निर्देशक नेल्सन दिलीपकुमार की विस्फोटक एक्शन थ्रिलर बीस्ट में वीरराघवन नामक एक जासूस की भूमिका निभाई है, जिसकी कहानी एक मॉल के अंदर होती है। फिल्म के निर्माताओं ने बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर का एक ट्रेलर जारी किया, जिसमें निर्देशक सेल्वाराघवन को फिल्म में एक वार्ताकार की भूमिका निभाते हुए दिखाया गया है। ट्रेलर से पता चलता है कि ईस्ट कोस्ट मॉल नामक एक मॉल को आतंकवादियों ने घेर लिया है और सरकार द्वारा एक वार्ताकार (सेल्वाराघवन) को उनके साथ बातचीत करने के लिए बुलाया जाता है। वार्ताकार को यह जानकर राहत मिली कि सबसे अच्छे जासूसों में माने जाने वाले वीरराघवन (विजय) नामक एक भारतीय सैनिक मॉल के अंदर है।

ट्रेलर से पता चलता है कि वीरराघवन मंत्रियों से भी आदेश लेने वाले नहीं हैं। वास्तव में, एक बिंदु पर वार्ताकार उसे अजीब जानवर के रूप में वर्णित करता है। ट्रेलर ने बड़े पर्दे पर इसे देखने के लिए सिनेमाघरों के बाहर इकट्ठा हुए प्रशंसकों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है। वास्तव में, ट्रेलर को यूट्यब पर रिलीज होने के केवल 15 मिनट में 20 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है। 15 मिनट में ट्रेलर को 2,60,000 से अधिक लोगों ने लाइक किया। फिल्म, जिसमें पूजा हेगड़े मुख्य भूमिका निभा रही हैं, 13 अप्रैल को स्क्रीन पर आने वाली है।

## बनाए रखना चाहते हैं सफेद रंग के कपड़ों की चमक, धोते वक्त रखें इन बातों का ध्यान

कई लोग होते हैं जिन्हें सफेद रंग के कपड़े पहनना बहुत पसंद होता हैं क्योंकि इनकी चमक आपके लुक को प्रभावित करती हैं। सफेद रंग के कपड़े लाइट महसूस कराने के साथ ही प्रेजेंटेबल लुक भी देते हैं। लोग सफेद रंग के कपड़े पहनते तो हैं लेकिन उनकी सबसे बड़ी चिंता रहती हैं इनपर दाग लगने और चमक खोने की। देखा जाता हैं कि समय के साथ सफेद रंग के कपड़ों की चमक कहीं खो जाती हैं। ऐसे में आपको इसे धोते समय कुछ बातों का ध्यान रखने की जरूरत हैं ताकि इनकी चमक बनी रहे। तो आइये जानते हैं कुछ तरीकों के बारे में कि कैसे आप अपने कपड़ों को सफेद और चमकदार बना सकती हैं।



रंगीन कपड़ों के साथ न करें वॉशः अमूमन घरों में वॉशिंग मशीन (वॉशिंग मशीन में कपड़े धोने के टिप्स) में जब कपड़े ध ुलते हैं तो हर तरह के कपड़े को एक साथ मशीन में डाल दिया जाता है। रंगीन कपड़े ध ुलते वक्त थोड़ा बहुत रंग जरूर छोड़ते हैं, ऐसे में अगर मशीन के अंदर सफेद रंग के कपड़े भी मौजूद हैं तो उनमें वह रंग लग सकता है। इसलिए सफेद रंग के कपड़ों को हमेशा अलग से वॉश करें। अगर आप वॉशिंग मशीन में सफेद रंग के कपड़ों को वॉश कर रही हैं तो यूज किए हुए डिटर्जेंट के घोल से न धोएं। यूज्ड डिटर्जेंट में मौजूद गंदगी से भी सफेद रंग के कपड़े खराब हो जाते हैं।

नील का उपयोग करेंः यह गंदे व दाग वाले सफेद कपड़ों में एक नीले रंग का स्पर्श प्रदान करता है। जैसा कि हम जानते हैं कि पीला और नीला रंग एक दूसरे के पूरक हैं। जिस कारण नील, सफेद रंग के कपड़ों से पीले रंग के दाग या धब्बों को खत्म करने में मदद करता है और कपड़ों को एक बार फिर चमकदार सफेद और नया जैसा बनाता है। इसे सीधे कपड़ों पर न डालें, इसका इस्तेमाल पानी में मिला कर या फिर वॉशिंग मशीन में डिटर्जेंट के साथ मिलाकर ही उपयोग करें।

कपड़े पर लगे दाग को ज्यादा न रगड़ेंः अगर सफेद रंग के कपड़े पर कोई दाग लगा है तो उसे नेचुरली हटाने की कोशिश करें। दाग वाली जगह को ज्यादा रगड़ें नहीं। इससे दाग बेशक हल्का हो जाएगा मगर, कपड़े को ज्यादा रगडने से उसके धागे कमजोर हो जाएंगे, जिससे वह जल्दी फट भी सकता है। इतना ही नहीं दाग (कपड़े में लगे दाग हटाने के टिप्स) को ज्यादा रगडने से वह और भी फैलने लगता है। आप नींबू या विनेगर की मदद से सफेद रंग के कपड़ों पर लगे दाग को नेचुरली हटा सकती हैं।

ब्लीच का इस्तेमाल सिर्फ कॉटन के कपड़ों में करेंः क्लोरीन ब्लीच कुछ कपड़ों को नुकसान पहुंचा सकता है और इसकी वजह से सफेद कपड़ों में पीले व हल्के ग्रे रंग का दाग पड़ सकता है। आप ब्लीच का उपयोग कपास पर सुरक्षित रूप से कर सकते हैं, लेकिन अन्य कपड़ों के लिए इसका उपयोग करने से बचें।

फैब्रिक व्हाइटनर का कम करें इस्तेमालः बाजार में सफेद रंग के कपड़ों के लिए बहुत सारे फैब्रिक व्हाइटनर आते हैं। इनमें से कुछ ब्लू कलर के होते हैं। अक्सर कपड़ों में ज्यादा सफेदी लाने की कोशिश में लोग ज्यादा फैब्रिक व्हाइटनर का यूज करने लगते हैं। ऐसे में सफेद रंग के कपड़ों पर नीला रंग डॉमिनेट करने लगता है और सफेदी की जगह उनमें नीलापन झलकने लगता है । फैब्रिक व्हाइटनर को 2–3 ड्रॉप से ज्यादा कभी यूज न करें।

ज्यादा डिटर्जेंट का न करें यूजः सफेद रंग के कपड़ों को बहुत ज्यादा डिटर्जेंट में वॉश न करें। इससे उनकी चमक खत्म हो जाती है और उनमें पीलापन आने लगता है। यदि आपके सफेद रंग के कपड़ों में पीलापन आ रहा है तो आप पानी में विनेगर की कुछ बूंदें डालें और उसमें सफेद रंग के कपड़े 30 मिनट के लिए डुबो कर रख दें। ऐसा करने से कपड़ा साफ भी हो जाता है और उसकी चमक भी बरकरार रहती है।

तेज धूप में कपड़े को सुखाने से बचेंः आमतौर पर सभी लोग कपड़ों को वॉश करने के बाद ध ूप में सुखाते हैं। ऐसा करने में कोई बुराई नहीं है मगर, ज्यादा देर तक कपड़ों को तेज धूप में सूखने के लिए मत छोड़ें। इससे उनका रंग और चमक दोनों पर प्रभाव पड़ता है। अगर आप तेज धूप में सफेद रंग के कपड़ों को सूखने के लिए छोड़ देती हैं तो वह बहुत जल्दी पीले पड़ सकते हैं। कपड़ों को हल्की धूप या फिर छांव में ही सुखाएं।